हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )



शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुईं तैयार



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 12 फरवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 349, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी, ऐसा करने वाला जी-20 का पहला देश : पीएम मोदी

### भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा का लक्ष्य तय किया

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान मंगलवार को वर्चुअली 'इंडिया एनर्जी वीक 2025' को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है और ऊर्जा क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है और यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है, इससे भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश बन गया है। इतनी ही नहीं भारत में 19 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण हो रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत, किसानों की आय में वृद्धि और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। मोदी सरकार ने 'ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी' बनाई है, जिससे हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और गैस क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और बैटरी निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता 2 गीगावॉट से बढ़कर 70 गीगावॉट हो गई है। उन्होंने 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' का भी जिक्र कर कहा कि इससे नए ग्रीन जॉब्स के मौके बन रहे हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और बैटरी निर्माण को लगातार बढ़ावा दे रहा है। सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता 2 गीगावॉट से बढ़कर 70 गीगावॉट हो चुकी है। उन्होंने 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' का भी जिक्र किया, जिससे नए ग्रीन जॉब्स के मौके बन रहे हैं। इसके साथ ही क्लीन ऊर्जा का भारत का सपना साकार हो रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक निवेशकों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है और सतत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इंडिया एनर्जी वीक 2025 ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे बदलावों और नई तकनीकों को अपनाने की दिशा में देश की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

## राहुल के मानहानि मामले में हुई सुनवाई, अगली तारीख 24 फरवरी



**एजेंसी, सुल्तानपुर।** नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। केस मे परिवादी से बचाव पक्ष की जिरह पूरी हुई। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की अदालत में बचाव पक्ष ने परिवादी विजय मिश्र से जिरह पूरी कर ली है। कोर्ट ने शेष साक्ष्य की सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख नियत कर दी है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपी एम एल ए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। दर्जन भर तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था।

## मोदी सरकार के समर्थन में उतरे शशि थरूर, बोले- पाक से बात बेहद मुश्किल

एजेंसी, नई दिल्ली



तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ अब बिना किसी बाधा के बातचीत संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि 26/11 के मुंबई हमले जैसे घावों को भुलाया नहीं जा सकता। अब यह जताना कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं है, बेहद मुश्किल है। वहीं जब सरकार ने पाकिस्तान से बात करने का मन बनाया भी था तो मुंबई में आतंकी हमला हो गया। ऐसे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही ही कहा था कि पाकिस्तान के साथ अब साधारण तरीके से बात नहीं हो सकती है। संसदीय समिति की एक पुरानी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप पाकिस्तान में भारत की छवि अच्छी करना चाहते हैं तो ज्यादा लोगों को वीजा देना होगा। हम लोगों ने ही कहा था कि रणनीतिक स्तर पर पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता लेकिन पीपल टु पीपल रिलेशन को मजबूत करना जरूरी है। अगर भारत ऐसा करता है तो पाकिस्तान में भी भारत का समर्थन बढ़ेगा और शांति की मांग को लेकर वहां की आवाम आगे आएगी। शशि थरूर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के लोगों के साथ पीपल टु पीपल इंटरैक्शन बढ़ाना चाहिए। पाकिस्तानियों को ज्यादा से ज्यादा वीजा देना चाहिए। थरूर ने कहा कि जो भी लोग पाकिस्तान से भारत आते हैं, उन्हें हमारे देश से प्यार हो जाता है। फॉरेन करेस्पॉडेंट्स क्लब में एक पुस्तक के विमोचन के मौके पर शशि थरूर ने कहा कि बातचीत बंद कर देना भी नीति नहीं है। वहीं पाकिस्तान ने पठानकोट और मुंबई में जो छुरा घोंपा है उसे भी कभी नहीं भुलाया जा सकता है। थरूर ने कहा कि ऐसा कोई भी पाकिस्तानी नहीं है जो भारत आया हो और उसे हमारे देश से प्यार ना हुआ हो। पर्यटक, गायक, संगीतकार और खिलाड़ी भी कहते हैं कि वे भारत आना चाहते हैं।

## गाजा पट्टी में फिर छिड़ सकता है युद्ध



**एजेंसी, गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकवादी समूह हमास के बीच फिर लड़ाई छिड़ने के आसार हैं। हमास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हालिया रणनीतिक मुलाकात के बाद कड़ा संदेश दिया है। हमास ने सोमवार को कहा कि वह शनिवार को होने वाली बंधकों की रिहाई को फिलहाल स्थगित कर रहा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, हमास के सैन्य विंग के प्रवक्ता हुदैफा काहलौत उर्फ अबू ओबेदा ने कहा कि इजराइल ने तीन हफ्तों में समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा नहीं किया है। इजराइल के रक्षा बल गाजा में मानवीय सहायता के प्रवाह में बाधा डाल रहे हैं। गाजा पट्टी के उत्तर में लौटने वाले फिलिस्तीनियों को निशाना बना रहे हैं। ओबेदा ने चेतावनी दी है कि फिलहाल 73 बंधकों की रिहाई अगली सूचना तक स्थगित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल से 251 लोगों को बंधक बनाया था। उनमें से 178 को अब तक हुए समझौते के तहत रिहा किया जा चुका है।

## सुरक्षा को लेकर सऊदी सरकार का फैसला, अब हज पर नहीं जा सकेंगे बच्चे

एजेंसी, रियाद



सऊद अरब ने अब बच्चों की हज में एंट्री बंद कर दी गई। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय ने कहा है कि हज के दौरान हर साल बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया है। वहीं, बच्चों की सुरक्षा के लिए सरकार ने ये फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट में सऊदी सरकार ने जानकारी दी कि साल 2025 में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पहली बार हज करने आ रहे हैं। बता दें कि हज 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरु हो चुके हैं। सऊदी के नागरिक और वहां रहने वाले अब नुसुक एज या आधिकारिक वेबसाइट के जरिए से 2025 हज सीजन के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकते हैं। नए नियमों के मुताबिक आवेदकों को अपने विवरण सत्यापित करने होंगे और अपने यात्रा साथियों को पंजीकृत करना होगा। 1 फरवरी, 2025 से भारत समेत 14 देशों के लोक केवल एकल-प्रवेश वीजा के लिए पात्र होंगे। इस कदम का उद्देश्य बहु-प्रवेश वीजा के दुरुपयोग को रोकना है, जिसका उपयोग कुछ यात्री आधिकारिक पंजीकरण के बिना हज करने के लिए करते हैं।

## महाकुम्भ मेला क्षेत्र एवं प्रयागराज में किसी भी स्नानार्थी, श्रद्धालु, कल्पवासी को कोई असुविधा न हो : मुख्यमंत्री योगी

- स्नानार्थियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही योगी सरकार
- संपूर्ण मेला क्षेत्र माघ पूर्णिमा स्नान पर्व से पूर्व नो व्हीकल जोन हुआ घोषित

एजेंसी, महाकुम्भनगर



महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को माघ पूर्णिमा के रूप में चौथे स्नान पर्व के सफल आयोजन को लेकर योगी सरकार अपनी तैयारियों को चाक-चौबंद करने में जुटी हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट आदेश है कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र तथा प्रयागराज शहर में किसी भी स्नानार्थी, श्रद्धालु, कल्पवासी या आम नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ऐसे में, यातायात, वाहनों के सुगम आवागमन, पार्किंग, सुरक्षा, सर्विलांस तथा मॉनिटरिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर पूरी तत्परता के साथ स्थानीय प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुखद सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं यूपी पुलिस कृत संकल्पित है और कोई कसर नहीं छोड़ रही है। तरुण गाबा के अनुसार, यातायात के लिए महीनों पूर्व से योजनाएं बनाई गई थी, जिनका हम लोग सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं। सप्ताह के अन्त में एवं बीच में कभी-कभार, भारी संख्या में वाहनों के आगमन के दृष्टिगत यहां तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसबल द्वारा अथक प्रयास करके जो भी विषम परिस्थिति आयी उनका सफल निस्तारण किया गया है। मेला क्षेत्र, प्रयागराज आने वाले सभी सड़क मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। इसका परिणाम यह है कि शहर के अंदर भी जाम की स्थिति नहीं है।

## अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की धमकी

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की धमकी वाला पत्र मिलने से हडक़ंप मच गया है। वहीं इसकी सूचना के बाद स्थानीय पुलिस तलाश में जुट गई है। जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को मौके पर तैनात किया गया है। जबकि सुरक्षा के मद्देनजर सभी यात्री और सामान की कड़ी जांच की जा रही है। वहीं इसकी जांच के दौरान एक अधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे जेद्दा-अहमदाबाद विमान में अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। मामले में अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि सीट के नीचे धमकी भरा पत्र मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) और सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की तलाशी ली।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- एआई में लोगों का जीवन बदलने की क्षमता

एजेंसी, पेरिस



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एआई (कृत्रिम मेधा) इस सदी में मानवता का नया कोड लिख रही है। इससे नौकरी छिनने की बातें भ्रम के अलावा कुछ और नहीं हैं। इसमें लोगों का जीवन बदलने की क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात यहां फ्रांस की राजधानी पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई (कृत्रिम मेधा) एक्शन समिट में कही। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस वैश्विक सम्मेलन के सह अध्यक्ष हैं। इस समिट में अनके देशों के शासनाध्यक्ष और राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रही है। एआई में लाखों लोगों का जीवन बदलने की क्षमता है। एआई आज समय की जरूरत है। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट है। हम लोगों ने डेटा को सुरक्षित रखने की व्यवस्था की है। एआई का भविष्य काफी अच्छा है। कुछ लोग मशीनों की ताकत बढ़ने से चिंता में हैं लेकिन इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। कृत्रिम मेधा कोड फॉर ह्यूमैनिटी लिख रही है। इतिहास गवाह है कभी किसी तकनीक ने नौकरियां नहीं छीनीं। एआई मानवता के लिए मददगार है। यह समाज और सुरक्षा के लिहाज से बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत एआई को अपनाने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता में तकनीकी-कानूनी आधार में भी अग्रणी है। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सुधार लाकर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी साया! मैच पर मंडराया खतरा

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी साए की आहट सुनाई दे रही है। यहां 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत हो रही है। इससे पहले आतंकियों की नजरे इस मैच पर टिक गई हैं। 25 फरवरी को लंदन के लाड्र्स क्रिकेट मैदान के बाहर तालिबान (अफगानिस्तान) की टीम के खिलाफ प्रदर्शन होगा। यह प्रदर्शन तालिबान में महिलाओं की आजादी को लेकर होगा। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन बहाना है, अफगानिस्तान-इंग्लैंड क्रिकेट मैच को टारगेट करना असल निशाना है। हम 26 फरवरी को सुबह 9 बजे होने वाले मैच से पहले 25 फरवरी को इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान मैच का विरोध करेंगे। हम अफगानिस्तान में महिलाओं पर तालिबान के क्रूर और बढ़ते उत्पीड़न पर आपत्ति जताते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे संदेशों में कहा गया है कि आईसीसी के नियमों के अनुसार, सदस्य देशों को महिला क्रिकेट का समर्थन करना चाहिए। वर्तमान में तालिबान अफगानिस्तानी महिलाओं को शिक्षित होने, सार्वजनिक रूप से बोलने, यहां तक कि अपने घर में पढ़ते या गाते हुए सुनने या खिड़कियों से दिखने की अनुमति नहीं देता है। चैंपियनशिप ट्रॉफी में इंग्लैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलने में सिर्फ 18 दिन बचे हैं। महिलाओं ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से बार-बार अपील की है कि इंग्लिश टीम अफगानी महिलाओं पर क्रूरतापूर्वक अत्याचार किए जाने के खिलाफ में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम का बहिष्कार करे।




## चलती इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार कोच में उठा धुंआ, मची भगदड़



**एजेंसी, पटना :** बिहार के समस्तीपुर जिले में जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार कोच से अचानक धुआं उठने लगा। धुंआ देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही लोको पायलट को पता चला तो उसने ट्रेन रोक दी। ट्रेन के रुकते ही घबराए यात्री बाहर कूदने लगे, जिससे कई यात्रियों को मामूली चोट आयीं। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत धुंए पर काबू पा लिया। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और ट्रेन को रवाना किया गया। हाजीपुर मंडल के सीपीआरओ सरस्वतीचंद ने बताया कि घटना मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे की है। जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार बोगी से पूसा रोड और दुबहा स्टेशन के बीच ब्रेक शू में आग लगने से धुआं निकलने लगा। इससे यात्रियों में भय व्याप्त हो गया। हालांकि चालक की सूझबूझ से ट्रेन को समय रहते रोक दिया गया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

## महाकुंभ से वाराणसी पहुंचे अखाड़े, चुनाव के लिए साधु-संतों में होगी चर्चा

एजेंसी, प्रयागराज



प्रयागराज महाकुंभ के तीन अमृत स्नान पूरे होने के बाद सभी अखाड़े वाराणसी पहुंचे हैं। वाराणसी में होने वाले समागम को साधु-संतों का कुंभ कहते है। इसमें लोगों की मौजूदगी न के बराबर होती है। दरअसल, ये समागम अखाड़ों के चुनाव के लिए होता है। यहां अखाड़ों की सरकार तय होती है, जो अगले 3 और 6 साल के लिए चुनी जाती है। चुनाव का ये क्रम प्रयागराज में कुंभ से अर्द्धकुंभ और अर्द्धकुंभ से कुंभ, इसी तरह चलता है। देश में 13 अखाड़ों को धार्मिक तौर पर मान्यता प्राप्त अखाड़े माना जाता है। इसमें श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा, श्री पंचायती आनंद अखाड़ा, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा, श्री पंच अग्नि अखाड़ा महाराज, श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी, श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण, श्री पंचायती नया निर्वाण उदासीन अखाड़ा और श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा शामिल हैं। इन अखाड़ों के पास पूरे देश में मठ-मंदिर सहित करोड़ों की जमीन और अन्य संपत्ति है। सिर्फ निरंजनी अखाड़े के पास मठ-मंदिरों और अन्य जमीनों की कुल संपत्ति 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक, उज्जैन, मिर्जापुर, माउंटआबू, जयपुर, वाराणसी, नोएडा, वडोदरा में निरंजनी अखाड़े के मठ और आश्रम हैं। इसी तरह निर्वाणी अखाड़े के पास फैजाबाद, गोंडा, बस्ती, प्रतापगढ़ में काफी जमीनें हैं। निर्मोही अखाड़े की बस्ती, मानकपुर आदि शहरों में काफी जमीन है। जूना अखाड़े के देशभर में 50 हजार मठ-मंदिर हैं। सभी 13 अखाड़ों के पास करोड़ों रुपए की संपत्तियां हैं।

# मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद जिले को दी 554 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 195 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज औरंगाबाद जिले में 554 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कुल 195 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 127.43 करोड़ रुपये की लागत से 79 योजनाओं का उद्घाटन एवं 428.76 करोड़ रुपये की लागत से 116 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद जिला अंतर्गत देव प्रखंड के बेढनी पंचायत में पंचायत सरकार भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्धघाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर पुस्तकालय, मुखिया कक्ष, राजस्व कर्मचारी कार्यालय, पंचायत सचिव कक्ष आदि का जायजा लिया। ग्राम पंचायत बेढनी स्थित महादलित टोला का भ्रमण कर मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना अंतर्गत निर्मित पक्की गली नली, हर घर नल का जल योजना, आवास योजना, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध सूर्य मंदिर, देव में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। सिंचाई कॉलोनी देव में प्रस्तावित रिंग रोड निर्माण एवं मेडिकल कॉलेज औरंगाबाद के लिए चिहिन्त भूमि का स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से प्रस्तावित सूर्य कुंड, देव से देव बाईपास (रिंग रोड) को जोड़नेवाली सड़क के निर्माण कार्य एवं नगर पंचायत देव में रिंग रोड के निर्माण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां बननेवाले मेडिकल कॉलेज औरंगाबाद तक आवागमन सुगमता हो सके, इसके लिए बेहतर सड़क संपर्कता प्रदान करना सुनिश्चित कराएं। पर्यटन विभाग द्वारा देव स्थित सूर्य कुंड एवं रूद्र कुंड परिसर में कराए जा रहे विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्र कुंड का काफी अच्छे ढंग से विकास हो गया है। इसके चारों तरफ अच्छे ढंग से घाट भी बन गया है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सूर्य कुंड में हमेशा पानी रहे, इसके लिए इसे और गहरा करायें। सूर्य कुंड का सौंदर्गीकरण भी ठीक ढंग से हो ताकि यहां आनेवाले छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित रेडियल रोड निर्माण हेतु चिहिन्त स्थल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छठ पूजा से पहले इस रेडियल रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इस सड़क के बन जाने से छठ महापर्व के दौरान यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यहां देव में काफी प्राचीन एवं प्रसिद्ध सूर्य मंदिर है। यहां छठ पूजा के दौरान बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद सदर अस्पताल परिसर में नवनिर्मित मॉडल अस्पताल भवन का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। नवनिर्मित मॉडल अस्पताल औरंगाबाद के बहुमंजिला भवन का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह मॉडल अस्पताल भवन 9 मंजिला है, इसमें यथाशीघ्र लिफ्ट लगाने का प्रबंध सुनिश्चत करें, इससे मरीज ऊपरी फ्लोर तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इसके पश्चात् डॉ० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम पार्क, औरंगाबाद में अदरी नदी पर प्रस्तावित रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गौरतलब है कि अदरी नदी, औरंगाबाद शहर के बीच से गुजरती है, जो पुनपुन नदी की एक सहायक नदी है। इसका उद्गम स्थल देव प्रखण्ड के अदरी गांव से माना जाता है। यह नदी धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत महत्व रखती है, इस नदी के किनारे दूर-दराज एवं आस-पास के लोगों द्वारा छठ महापर्व मनाया जाता है। शहर के बीचों-बीच से गुजरने के कारण यह पर्यटन एवं शहरी सौन्दर्य के दृष्टिकोण से भी बहुत महत्व रखती है। अतः इस योजना में अदरी नदी के सौन्दर्गीकरण एवं रिवर फ्रांट डेवलपमेंट का कार्य प्रस्तावित है। कामाबिगहा (एन०एच०-2) से ए०पी० जे० अब्दुल कलाम पार्क औरंगाबाद के बीच विभिन्न स्थलों पर 1500 मीटर लंबाई में रिवर फ्रांट डेवलपमेंट का कार्य को शामिल किया जाना प्रस्तावित है। कामाबिगहा (एन०एच०-2) से ए०पी० जे० अब्दुल कलाम पार्क औरंगाबाद के बीच विभिन्न स्थलों पर कुल सात अदद ओपेन जिम, पार्क, आर०सी०सी० चेयर, वृक्षारोपण इत्यादि के कार्य को शामिल किया जाना प्रस्तावित है। एकीकृत जलनिकासी कार्य के हेतु अदरी नदी के सामानांतर 2500 मीटर मुख्य नाले का निर्माण प्रस्तावित है ताकि शहर के छोटे-छोटे निकासी नालियों को इस नाले में जोड़ते हुए गंदे पानी को शहर से बाहर नदी में जोड़ा जाए ताकि शहर में नदी प्रदूषित न हो सके तथा प्राकृतिक रुप से उक्त नाले का पानी (सेल्फ प्यूरीफिकेशन) साफ हो सके। अदरी नदी के दायें बांध पर सेवा पथ का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य को शामिल किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग अंतर्गत नवनिर्मित डॉ० भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, कुशी, औरंगाबाद का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने डॉ० भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय कुशी के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर पुस्तकालय, बहुद्देशीय कक्ष, विद्यालय प्रांगण आदि का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आप सभी खूब मन लगाकर पढिये। यहां काफी सुंदर एवं भव्य विद्यालय भवन बन गया है। हम यही चाहते हैं कि आप सभी स्थिर ढंग से पढ़िये और निरंतर आगे बढिए। जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने लाभुकों को मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना का सांकेतिच चेक एवं चाबी, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना (वर्ष 2024-2025) के अंतर्गत 147 चयनित लाभुकों को प्रथम किश्त के रुप में 2 करोड़ 94 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। इस दौरान जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी काफी अच्छे ढंग से काम कर रही हैं। हमलोगों को जब बिहार में काम करने का मौका मिला, उस समय यहां स्वयं सहायता समूह की संख्या न के बराबर थी। इसको हमने बढ़ाने का निर्णय लिया और वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर काम शुरू कराया। स्वयं सहायता समूह का नाम हमने ही जीविका दिया। हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम दिया। उस समय की केंद्र सरकार ने हमारे इस काम से प्रेरित होकर पूरे देश में इसका नाम आजीविका कर दिया। आप सभी बुंलद रहिए। आप सभी को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। हमलोगों ने शहरी क्षेत्रों में भी जीविका स्वयं सहायता समूह के गठन का कार्य शरू करा दिया है। औरंगाबाद जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित विकासात्मक कार्यों का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की है तब हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम आजीविका किया। हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम दिया। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का विस्तार किया जा रहा है। जीविका से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। आपलोग भी जीविका दीदियों के कार्यों एवं उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में लोगों को बताएं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, लघु जल संसाधन मंत्री सह औरंगाबाद जिला के प्रभारी मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, विधायक श्री आनंद शंकर सिंह, विधायक श्री राजेश कुमार, विधान पार्षद श्री दिलीप कुमार सिंह, पूर्व विधायक सह जदयू जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री राजन सिंह, पूर्व विधायक श्री वीरेंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री क्षत्रनील सिंह, जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री अम्बरीश राहुल सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## 2025 विधानसभा चुनाव में राजनीति के सारे रणनीतिकार असफल साबित होंगे : डॉ. मधुरेंदु पांडेय



**पटना।** जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उन्नीस वर्षों के कार्यकाल में बिहार में विकास कार्य खूब हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सूबे में न्याय के साथ सर्वांगीण विकास के साथ साथ कई सामाजिक सुधार करने में भी सफलता हासिल की है।पूर्ण शराबबंदी बाल विवाह रोकने व दहेज उन्मूलन अभियान में भी अपेक्षित सफलता हासिल की है।युवाओं को रोजगार देने व वंचितों अति पिछड़े को अगली कतार में खड़ा कर समाज में मान सम्मान बढ़ाने का जो काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है वह एक ऐतिहासिक कदम है।अपने बेहतर शासन व सुशासन से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार जैसे अति पिछड़े राज्य में विकास कार्य कर देश के चहुमुंखी विकास के धारा से जोड़ने का काम किया है। डॉ.पांडेय ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री कि कोई भैकेंसी नहीं है। 2025 के विधानसभा चुनाव में राजनीति के सारे रणनीतिकार असफल साबित होंगे। सूबे की जनता प्रगतिशील बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाने के लिए मन बनाए हुए है। विपक्ष इंडी गठबंधन व पीके का कोई असर बिहार की राजनीति में नहीं होनेवाला है। एनडीए गठबन्धन 225 सीटों पर जीत की लक्ष्य को पूरा करने में सफल रहेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से जनता और सरकार के बीच एक भरोसे और विश्वाश की बंधन बंधी है जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सत्ता वापसी करने का प्रबल संकेत है।

## दानापुर के कई समाजसेवियो ने जदयू का दामन थामा

**पटना।** जदयू प्रदेश कार्यालय में विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी ने दानापुर विधानसभा क्षेत्र के कई समाजसेवियो को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। साथ ही सभी को नए राजनीतिक सफर के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस मौके पर पटना महानगर के जिला अध्यक्ष आसिफ कमाल, मुकेश कुमार, प्रशांत कुमार, मनीष कुमार, रोहित आनंद एवं मुन्ना चौधरी मौजूद रहे। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार, नसीम अंसारी, भागीरथ प्रसाद, देवानंद साव एवं विनोद कुमार रहे।

## ताश के पत्ते की तरह बिखर रहा है इंडी गठबंधन : उमेश

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि स्वार्थपरक दलों की निजी महत्वाकांक्षा में इंडी गठबंधन दिशाहीन हो चुका है और अब ताश के पत्ते की तरह बिखर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तथाकथित विपक्षी एकता अपनी ढपली और अपना राग का पर्याय बनकर रह गया है। नीति, नियत और नेता के घोर अभाव में इंडी गठबंधन का राजनीतिक उदेश्य, औचित्य और अस्तित्व तीनों समाप्ति की कगार पर है। श्री कुशवाहा ने कहा कि राजद और कांग्रेस राजनीतिक भष्टाचार की जननी रही है। घोटाला और परिवारवाद से इनका गहरा रिश्ता है। यही वजह है कि दोनों दलों की राजनीति अब रसातल की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बिहार महागठबंधन में भी भारी सिर फुटव्वल की स्थिति है, विपक्षी खेमे की सभी पार्टियां एक दसूरे की टांग खिंचाई में लगे हैं। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 15 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए लालू-राबड़ी की सरकार ने कभी जनहित के लिए अपनी प्रतिबद्धता नहीं दिखाई बल्कि सिर्फ लूट-खसोट मचाने का ही काम किया। अपने राजनीतिक पाप और नकामियों को छिपाने के लिए राजद आज जनता से झूठे वादे कर रही है, जिसमें कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता पाने की व्याकुलता और बेचैनी में राजद झूठ की फैक्ट्री खोलकर जनता को बरगलाने की पुरजोर कोशिश में है। परंतु उनका वास्तविक चाल-चरित्र और चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव की तरह आगामी विधानसभा चुनाव में भी विपक्ष का झूठ औंधे मुंह गिरेगा। छल और प्रपंच की राजनीति को जनता अब कभी स्वीकार नहीं करेगी।

# रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भारत सरकार द्वारा बेतिया में समपार सं. 02 पर नवनिर्मित सड़क उपरि पुल का राष्ट्र को समर्पण

नई सोच एक्सप्रेस

**» बेतिया एवं मुजफ्फरपुर स्टेशनों के चल रहे पुनर्विकास कार्यों का रेल मंत्री लिया जायजा**



**पटना।** बेतिया में समपार सं. 02 पर नवनिर्मित सड़क ऊपरी पुल (आर.ओ.बी.) का राष्ट्र को समर्पण हेतु आयोजित समारोह में श्री अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा नारी शक्तिस्वरूप महिलाओं के माध्यम से आरओबी का राष्ट्र को समर्पित कराया गया। इस दौरान उपस्थित सांसदगण एवं जनसमूह द्वारा बेतिया के रास्ते गोरखपुर और पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की भारी मांग पर उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि जल्द ही पूरे भारत में कई वंदे भारत ट्रेनें चलायी जाएगीं। रेल मंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किये जा रहे बेतिया स्टेशन के 3डी मॉडल का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर बेतिया में आयोजित समारोह में कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री सतीश चंद्र दुबे, माननीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल, सांसद श्री सुनील कुमार, सांसद श्री गोपालजी ठाकुर एवं विधायकगण सहित कई अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। समारोह के उपरांत बेतिया स्टेशन पर आयोजित प्रेस वार्ता में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2009 से 2014 के बीच बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया जाता था, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस साल के बजट में बिहार को रेलवे के लिए रिकॉर्ड 10 हजार 66 करोड़ रूपये का बजट दिया है। यानी पिछली सरकार की तुलना में करीब-करीब नौ गुना अधिक बजट आवंटित किया है। इसी रिकॉर्ड बजट का परिणाम है कि बिहार में नई रेल लाइनों के निर्माण, विद्युतीकरण, नई ट्रेनों का संचालन, स्टेशनों का विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के कार्य रिकॉर्ड स्तर पर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे के समग्र विकास हेतु 95 हजार 566 करोड़ रूपए का इंवेस्टमेंट किया जा रहा है जिससे अगले 05 वर्षों में बिहार में रेलवे का नेटवर्क का कम्पलीट ट्रांसफॉर्मेशन होने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार में चल रहे प्रोजेक्ट के लिए फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी बिहार में 2009 से 2014 के मध्य जहां औसतन प्रतिवर्ष 64 किमी नई लाइन का निर्माण होता था वहीं 2014 से 2025 के मध्य प्रतिवर्ष औसतन 167 किमी नई लाइन का निर्माण हुआ है, जो लगभग 2.6 गुणा ज्यादा है। आपके बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार में 2014 से अब तक 1832 किमी नई रेल लाईन का निर्माण किया जा चुका है जो मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। इसके साथ ही बिहार में 2014 से 3020 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया है। इसी का परिणाम है कि आज बिहार में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन के तहत चम्पारण के आसपास के प्रमुख स्टेशनों जैसे - बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज, रक्सौल आदि सहित बिहार में कुल 98 स्टेशनों का पुर्नविकास किया जा रहा है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में रेलवे अवसंरचना के विकास हेतु नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा रेलखंड के दोहरीकरण कार्य की कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गयी है। वर्तमान में वाल्मीकिनगर-सगौली एवं सगौली-मुजफ्फरपुर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य चल रहा है। इसके पूर्ण हो जाने से इस क्षेत्र में और कई ट्रेनों का परिचालन संभव हो पाएगा। इससे पहले आज सुबह माननीय रेल मंत्री जी द्वारा गोरखपुर से स्पेशल ट्रेन द्वारा गोरखपुर-वाल्मीकिनगर-बगहा-बेतिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान माननीय रेल मंत्री महोदय का वाल्मीकिनगर, बगहा एवं नरकटियागंज रेलवे स्टेशनों पर उपस्थित जनसमूह द्वारा फूलमाला से स्वागत किया गया। विदित हो कि बेतिया शहर में ट्रैफिक जाम से राहत के लिए 103 करोड़ रुपए की लागत से बेतिया और कुमारबाग स्टेशन के मध्य बेतिया (छावनी) के निकट समपार सं. 02 पर सड़क ऊपरी पुल (आर.ओ.बी.) के निर्माण की मंजूरी दी गयी थी। इस परियोजना के तहत आरओबी के साथ ही रेलवे लाईन के एक तरफ बेतिया-लौरिया लेन तथा दूसरी तरफ मैनाटांड एवं नरकटियागंज लेन का निर्माण किया जाना था। पिछले वर्ष मार्च, 2024 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा इस आरओबी के बेतिया-लौरिया लेन का उद्घाटन किया गया था। इस आरओबी के मैनाटांड लेन तथा नरकटियागंज लेन भी पिछले वर्ष मई, 2024 में चालू कर दिए गए थे। इस परियोजना का शेष बचा भाग सड़क उपरि पुल का निर्माण कार्य पिछले माह जनवरी 2025 में पूरा कर लिया गया था जिसका माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस आरओबी के चालू होने के बाद बेतिया शहरवासियों को एक ओर जहां ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी वहीं यातायात की आवाजाही आसान और तेज़ होगी। साथ ही, ट्रेनों की परिचालन की संरक्षा कई गुना बढ़ जाएगी। बेतिया में आरओबी का राष्ट्र को समर्पण के उपरांत माननीय रेल मंत्री महोदय स्पेशल ट्रेन द्वारा मुजफ्फरपुर पहुंचे जहां उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किये जा रहे मुजफ्फरपुर जं. के 3डी मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर वासियों के लिए हर्ष की बात है कि 442 करोड़ की लागत से मुजफ्फरपुर जं. का वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे के विकास के लिए कई परियोजनाओं पर कार्य किये जा रहे हैं और इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए फंड की किसी भी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लंबी दूरी के लिए 100 अमृत भारत ट्रेनें तथा कम दूरी के लिए 50 नमो भारत ट्रेनें बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा 95 हजार युवाओं की भर्ती हेतु प्रक्रिया चल रही है। पिछले वर्ष भारतीय रेलवे द्वारा पारदर्शी तरीके से 1.51 लाख से ज्यादा भर्तियां की गयी हैं।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता होंगे कौन?

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** 70 सीटों वाली दिल्ली विधान सभा चुनाव में 8 फरवरी को हुए मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) को 48 सीटों पर जीत मिली है। भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) पूर्व से दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम घोषित नहीं किया था। अब देखना है कि भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) दिल्ली के मुख्यमंत्री का पद किसे सौंपती है। भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) में दिल्ली के मुख्यमंत्री के दावेदार के रूप में 47 वर्षीय प्रवेश साहिब सिंह वर्मा का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। क्योंकि प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने नई दिल्ली विधान सभा सीट से आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराया है। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा सांसद भी रह चुके हैं और जाति के जाट हैं। यदि इन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सकारात्मक संदेश जाएगा। महिला और वैश्य समाज की 51 वर्षीय रेखा गुप्ता शालीमार बाग से जीती है और मुख्यमंत्री के दौड़ में शामिल हैं। रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की अध्यक्ष और पार्षद भी रह चुकी हैं। मुख्यमंत्री के दौर में राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से विजय दर्ज करने वाले 52 वर्षीय मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम भी शामिल है। यदि भारतीय जनता पार्टी को पंजाब और सिख समुदाय को साधने की जरूरत महसूस हुई तो मनजिंदर सिंह सिरसा पर दांव खेल सकती है। रोहणी विधान सभा क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने 61 वर्षीय विजेन्द्र गुप्ता भी मुख्यमंत्री के दावेदार दिख रहे हैं। यह वैश्य वोट को साधते हैं। संगठन कौशल के माहिर खिलाड़ी के रूप में प्रसिद्ध 62 वर्षीय सतीश उपाध्याय भी मुख्यमंत्री के दौड़ में शामिल हैं। इन्होंने मालवीय नगर विधानसभा से चुनाव जीता है और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। राजपूत और पहाड़ी समुदाय में अच्छी पकड़ रखने वाले और छठी बार विधायक बने 67 वर्षीय मोहन सिंह विष्ट, संघ पृष्ठभूमि के उत्तम नगर विधान सभा क्षेत्र से जीते पवन शर्मा और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से जीते राजकुमार भाटिया तथा ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र से जीती शिखा राय भी मुख्यमंत्री के दावेदार बताया जा रहा है। इधर आम आदमी पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में 22 सीट मिली है और विधान सभा में विपक्ष के नेता चुनने में भी समस्या दिख रही है। आम आदमी पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री और कालका जी की विधायक अतिसी मार्लेना का आम आदमी पार्टी को छोड़ने की चर्चा सुर्खियों में हैआम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन चुनाव हार चुके हैं। ऐसी स्थिति में आम आदमी पार्टी को विश्वसनीय व्यक्ति को विपक्ष का नेता चुनने में कठिनाई दिख रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री का चयन और शपथ ग्रहण में अभी समय लगने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी में अटकलें तेज हैं कि जबतक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका दौरे से जब वापस लौटेंगे तब मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी।

## हर विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन करेगी रालोजपा : पारस

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का दो दिवसीय जिलाध्यक्ष एवं राज्य पदाधिकारियों की बैठक का पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की 14 अप्रैल 2025 को दलित सेना के नेतृत्व में भारत रत्न डा बाबा भीम राव अम्बेडकर की जंयती आयोजित कर दलितों के एक जुटता का संदेश बिहारवासियों को देते हुए दलित उत्पीडन, चौकीदार- दफादार का शोषण तथा पासी समाज के पुस्तैनी व्यवसाय ताडी उत्पादन एवं विपणन का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने आगामी विधान सभा चुनाव 243 सीटों पर लडने की घोषणा की, जिसके लिए पार्टी बुथ स्तर पर संगठन तथा बीएलओ नियुक्त करने का जिलाध्यक्ष तथा प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देश दिया तथा अप्रैल माह तक राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रत्येक विधान सभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने संबाधित करते हुए कहा कि पार्टी के राज्य पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष अपने आवास पर पार्टी का झण्डा और नेम प्लेट अनिवार्य रूप से लगाये तथा सभी जिला प्रभारी जिला में जाकर संगठन की समीक्षा कर संगठन की कमियों को दूर करें। पार्टी के संसदीय बार्ड के अध्यक्ष व विधान पार्षद भूषण कुमार ने कहा कि जो पार्टी के मजबूत साथियों को किसी भी परिस्थिति में चुनाव लडायेगी। बैठक का संचालन पार्टी के प्रधान महासचिव केशव सिंह ने किया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक अनिल चौधरी, विरेश्वर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अम्बिका प्रसाद बीनू, युवा नेता यश राज पासवान,दलित सेना के अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा, उपाध्यक्ष महताब आलम, प्रमोद सिंह, संजीव रंजन बीटटू, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा सूमन कुमार, आई टी सेल के अध्यक्ष शिवम सिंह, तकनीकि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजू राजवीर, प्रदेश प्रवक्ता मनीष आनन्द, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीनबन्धु मिश्रा आदि ने बैठक को संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### काला बाज़ार में तंबाकू के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी

**पटना।** एंटी स्मगलिंग डे 2025 के मौके पर, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल इंक. (पीएमआई) की भारत स्थित सहयोगी कंपनी, आईपीएम इंडिया ने काला बाज़ार में तंबाकू के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। यह भारत के आर्थिक हितों, राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। फिक्की कैस्केड की रिपोर्ट के अनुसार, गैरकानूनी व्यापार एक वैश्विक संकट है, जिससे प्रतिवर्ष 2 ट्रिलियन डॉलर (करीब 2 लाख करोड़ डॉलर) की छाया अर्थव्यवस्था खड़ी हो जाती है, जो वैश्विक जीडीपी के 3 प्रतिशत से भी अधिक है। दुनिया भर में खपत होने वाली सिगरेट का लगभग 11.6 प्रतिशत हिस्सा अवैध होता है, जिससे विभिन्न सरकारों को कुल 40.5 अरब डॉलर का कर नुकसान होता है। यह अवैध व्यापार न केवल वैध व्यवसायों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सरकारों को आवश्यक राजस्व से भी वंचित करता है, आपराधिक संगठनों को वित्तीय लाभ पहुंचाता है और उपभोक्ताओं को बिना किसी गुणवत्ता नियंत्रण वाले उत्पादों के संपर्क में ला देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के तंबाकू नियंत्रण फ्रेमवर्क कन्वेंशन के अनुसार, भारत अवैध तंबाकू व्यापार के लिए न केवल एक पारगमन केंद्र (ट्रांजिट हब) है, बल्कि यह तस्करी किए गए तंबाकू उत्पादों के लिए एक प्रमुख बाजार भी बन चुका है। काला बाजारी पर लगाम लगाने की तत्काल जरूरत पर जोर देते हुए, पीएमआई इंडिया के प्रबंध निदेशक, नवनील कर ने कहा, "गैरकानूनी तंबाकू व्यापार एक गंभीर खतरा है, जो आर्थिक विकास को बाधित करता है। उपभोक्ताओं को नकली उत्पादों से बचाना और तस्करी व नकली उत्पादों पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। पीएमआई गैरकानूनी तंबाकू व्यापार के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रहा है। हमारी रणनीति पांच प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है-अनुसंधान और खुफिया जानकारी, सप्लाई चेन की सुरक्षा, साझेदारी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग और जागरूकता बढ़ाना।

### केंद्रीय बजट को जनोंमुख बनाने को लेकर 14 से 20 फरवरी तक अभियान चलायेगी भाकपा

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव मंडल की बैठक मंगलवार को पटना में हुई। बैठक में वामदलों की ओर से आयोजित केंद्रीय बजट को जनोंन्मुख बनाने को लेकर 14 से 20 फरवरी तक अभियान चलाने का फैसला लिया गया।राज्य सचिव मंडल ने यह भी फैसला लिया है कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस 23 मार्च से लेकर डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अम्वेडकर की जंयती 14 अप्रैल तक राज्यव्यापी यात्रा निकालेगी। बैठक में शाखा, अंचल, जिला और राज्य सम्मेलन की तैयारी पर भी चर्चा की गई। राज्य सम्मेलन 10 से 14 जून 2025 तक पटना में अयोजित किये जायेंगे। इस मौके पर 10 जून को पटना में रैली और सभा आयोजित की जाएगी।भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यव्यापी यात्रा के दौरान केंद्रीय बजट में गरीबों, किसानों, मजदूरों के आर्थिक उत्थान और सामाजिक सुरक्षा जैसे मदों में अधिक धनराशि जुड़वाने, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक खर्च किये जाने, सार्वजनिक संपत्तियों को बेच कर धन अर्जित करने के बजाय कारपोरेटस पर अधिक टैक्स लगाने, मनरेगा का बजट बढ़ाने और शहरी मनरेगा भी लाये जाने आदि प्रमुख मांगो को लेकर जन अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम के तहत शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस 23 मार्च, 2025 से डा. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिवस 14 अप्रैल, 2025 तक समाजवाद और सामाजिक न्याय हेतु अभियान चलाए जाएंगे। उपरोक्त अवधि में भगत सिंह और उनके साथियों के आजादी के आंदोलन में योगदान और भारत को समाजवादी देश बनाने के उनके संकल्प एवं डा. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय को निरुपीत करने और संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका, संविधान पर मंडरा रहे खतरों आदि को लेकर सघन अभियान चलाया जाये. इसके तहत पदयात्रा, साइकिल मार्च, वाहन जत्था, सभा व नुककड़ सभा आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मिथिलेश कुमार झा ने की। बैठक में राज्य सचिव मंडल सदस्य जानकी पासवान, एम॰ जब्बार आलम, प्रमोद प्रभाकर, रामबाबू कुमार, निवेदिता, अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### पीएमसीएच पर आधारित डोको ड्रामा फिल्म की शूटिंग हुई पूरी



**पटना।** टाइम टू टाइम मीडिया के बैनर तले बन रही पी एम सी एच पर आधारित डोको ड्रामा फिल्म " पीएमसीएच का स्वर्णिम सौ साल " की शूटिंग पूरी हुई। इस फिल्म का निर्माण पीएमसीएच के सौ साल पुरा होने के उपलक्ष्य में पीएमसीएच अल्युमुनाइ के सचिव डॉ. विजय प्रकाश करवा रहे हैं जिसका प्रदर्शन 25 फरवरी को राष्ट्रपति के समक्ष किया जायेगा। इस फिल्म के माध्यम से पीएमसीएच का इतिहास और वर्तमान को दिखाया जायेगा। इस फिल्म के निर्देशक धर्मेश मेहता हैं जो बिहार के रंगमंच एवं शॉर्ट फिल्म के दिग्गज निर्देशक हैं। इनके द्वारा बनाई गई शॉर्ट फिल्म भागीरथ द सैंडमैन को तमझगम इंटर नेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल जूरी अवार्ड बतौर एशियन शॉर्ट फिल्म के रूप में और वेस्ट पर्यावरण फिल्म पुरस्कार नॉर्थ ईस्ट इंटर नेशनल फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया है। साथ ही इनकी दो और शॉट फिल्म सुपारी किलर और प्रायशचित् को भी राष्ट्रीय स्तर पर कई अंतर राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिल चुका है। पीएमसीएच पर बन रही फिल्म डोको ड्रामा में बिहार के कई प्रमुख अभिनेता अभिनेत्रियों ने काम किया है जिसमें डॉ. ए एन पाण्डे, निलेश्वर् मिश्रा, रेणु सिन्हा, डॉ. क्रांति भावना, अशफाक अहमद, डॉ. अंजना आर्या, डॉ. रविंद्र कुमार चंद्र, रमेश चन्द्र, रौशन कुमार आदि शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों को दिया अधिकार और सम्मान : हिमराज

**पटना।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके माता-पिता के शासनकाल में दलितों ने बिहार में नरसंहारों का दंश झेला आज उन दलित समुदाय के लोगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गरीबी और पिछड़ेपन के चलते दलित समुदाय लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल में हाशिए पर चला गया था उसे आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज में ऊंचा उठाने का काम किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि साल 2005 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए। जिस लालू-राबड़ी के शासनकाल में दलित समुदाय के लोग विकास के अंतिम पायदान पर खड़े थे उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्मान देने का काम किया। साल 2011 से आयोजित सभी जिलों के महादलित टोलों में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम के दौरान उस महादलित टोले के बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन किया जाता है। 2006 में बिहार पंचायत राज अधिनियम लागू किया गया जिसके तहत अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के लिए उनकी आबादी के अनुरुप आरक्षण का प्रावधान किया गया।

# ऐतिहासिक महाकुंभ में अखाड़े ने बनाया श्रील प्रभुपाद को विश्व गुरु

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापक एवं आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार विश्व गुरु की उपाधि से सम्मानित किया। विश्व गुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पवन तिथि के अवसर में सम्पन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में लाखों-करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई। निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, श्रीमहंत रवींद्र पूरी जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी जी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वरगण, सचिव गण, श्रीमहंतगण एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कॉन बंगलौर के अध्यक्ष श्री मधु पंडित दास जी और वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास जी के पावन सानिध्य में स्वामी प्रभुपाद को यह सम्मान प्रदान किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव भरतर्षभ दास ने की। अखाड़ा परिषद ने इस अवसर पर एक बयान जारी करते हुए कहा, "हम सभी अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं कि परमपूज्य पाद श्रील प्रभुपाद जी को विश्व गुरु की उपाधि दी गई। उनका योगदान सनातन धर्म के प्रसार में अद्वितीय है, और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोगों का जीवन बदल चुका है।" इस पावन अवसर पर श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि पावन त्रिवेणी के संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ के पावन पर्व पर हमें आज उस महापुरुष के सानिध्य में बैठने का अवसर मिला। यह उपाधि 1968 के कुछ दिनों बाद ही मिल जाना चाहिए था, लेकिन आज इस त्रिवेणी के पावन तट पर हम सभ को इस शुभ कार्य करने का श्रेय मिलना था। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी जी महाराज ने कहा कि श्रील प्रभुपाद महाराज जी के लिए यह विश्व गुरु की यह पदवी, सूर्य को दीया दिखाने के बराबर है। श्रील प्रभुपाद महाराज ने श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवतम पर शानदार कार्य किया। आवाहन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित अवधूत बाबा अरुण गिरी जी महाराज ने कहा कि लोग मुझे अवधूत कहते हैं लेकिन मैं स्वामी श्रील प्रभुपाद महाराज जी को अद्भुत कहता हूं। इस पावन अवसर पर स्वामी प्रभुपाद के अनुयायी दो-दो वृक्ष लगाने का संकल्प लें, तभी राधा रानी की प्राप्ति होगी। वैश्विक हरे कृष्ण आंदोलन के चेयरमैन और संरक्षक, अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक और चेयरमैन, वृंदावन चंद्रोदय मंदिर के चेयरमैन और इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष मधु पंडित दास ने इस्कॉन और हरे कृष्ण आंदोलन के सभी अनुयायी की ओर से आचार्य श्रील प्रभुपाद को विश्व गुरु से अलंकृत कर सम्मानित करने का निश्चय करने के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रति अपनी कृज्ञता व्यक्त करते हैं।

## लड़कियों के शिक्षा में सहयोग के लिए पठन सामाग्री का वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राम दुलारी एजुकेशनल एंड चेरिटेबल सोसायटी अपने आरडीईसीएस शिक्षा मिशन के तहत प्रतिमाह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की एक हजार लड़कियों को उनकी शिक्षा में सहयोग करने के उद्देश्य से उनके बीच 5 नोटबुक, 1 पेन अथवा पेन्सिल का मुफ्त वितरण मध्य विद्यालय, लोहानीपुर एवं राजेन्द्र नगर, पटना स्थित राजकीय मध्य विद्यालय शांति निकेतन में किया गया। संस्था का उद्देश्य ऐसी बच्चियों को उनके +2 की पढाई तक सहयोग करने का है। संस्था के सचिव आशुतोष पाण्डेय ने समाज के सक्षम वर्ग से इस मुहिम में बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान करने की अपील के बाद "आशीर्वाद इंजीकॉन" ग्रुप के सीएमडी एवं समाज सेवी अजय सिंह ने अपना हाथ आगे बढ़ाया और संस्था को आर्थिक सहयोग करते हुए आज इस पठन सामग्री वितरण कार्यक्रम में शिरकत किये। अजय सिंह ने कहा कि वो अब नियमित रूप से और ज्यादा से ज्यादा आरडीईसीएस की इस मुहिम को अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहेंगे।कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष ज्ञान रंजन, सहयोगी प्रिया कुमारी, मुकुल कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रथम पुण्यतिथि पर उषाकिरण खान रचनावली का विमोचन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पद्मश्री उषाकिरण खान की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर साहित्य अकादेमी सभागार, दिल्ली में उषाकिरण खान रचनावली विमोचन सह परिचर्चा समारोह का आयोजन हुआ। स्मृति सभा की औपचारिक शुरुआत इंदौर एवं बनारस घराने से दीक्षित प्रिया कानूनगो के कबीर गायन से हुई। इसके बाद स्मृति सभा कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत 'उषाकिरण खान के मायने' विषय से हुई। इस सत्र में कथाकार नासिरा शर्मा, ममता कालिया एवं वंदना राग ने उषाकिरण खान के कथाकार रूप को याद किया। सत्र का संचालन युवा कवयित्री रश्मि भारद्वाज ने किया। अपनी समानधर्मा कथाकार की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए ममता कालिया ने कहा कि उषा अपने लेखन में शुचिता और आदर्श को स्त्रियों के लिए जेलखाना नहीं बनातीं। पटना की संस्था किलकारी एवं उषा जी के गुइयाँपन को याद करते हुए कथाकार नासिरा ने भावपूर्ण ढंग से कहा कि 'तुम्हारी लाली डूब गई, लेकिन बिखर गई धूप तुम्हारी किताबों में'। वहीं कथाकार वंदना राग ने उषा जी के ऐतिहासिक गल्पों में रुचियों की तरफ इशारा किया। 'रचनावली के बहाने' सत्र का संचालन डॉ. सुनील विपुल ने किया। पाखी के पूर्व सह-संपादक एवं युवा आलोचक पंकज शर्मा ने उषा जी के कहानियों के पात्र को साधारण में आसाधारण का भाव कहा। उषा जी की स्त्री केंद्रित कहानियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए उमाशंकर चौधरी ने 'नींबू का स्वाद' एवं 'आकांक्षाओं के द्वीप' शीर्षक कहानी पर चर्चा की एवं इस बात की तरफ इशारा किया कि उनकी कहानियों में स्त्रियाँ तो हैं लेकिन पारंपरिक विमर्श की तरह नहीं। कथाकार गीताश्री ने उषा जी को रेणु की परंपरा से जोड़ते हुए खुद को उषाकिरण खान की परंपरा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि उषा जी गांधीवादी राजनीतिक चेतना एवं इतिहास बोध से जुड़ी हुई लेखिका हैं। साहित्य अकादमी सम्मानित लेखिका अनामिका अपनी समकालीन लेखिका उषा जी के लेखन पर टिप्पणी करते हुए कहती हैं कि उषा जी के पास वह दृष्टि थी जो सबकी ओर से, सबकी तरफ से सोच कर तमाम ऐसे पात्र खड़े किये जो हमारी आत्मा के स्थायी नागरिक हो सकते हैं। अनामिका जी ने डॉ. कुमार वरुण के कुशल संपादन पर बधाई देते हुए कहा कि उषा जी के विपुल साहित्य को एक साथ प्रस्तुत करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि बाढ़ के पानी को वरुण ही बाँध सकते थे। रचनावाली के विमोचन में प्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया, नासिरा शर्मा, कवयित्री अनामिका, पंकज राग की गणमान्य उपस्थिति रही। अपने संपादकीय वक्तव्य में डॉ. कुमार वरुण ने उषा जी के रचना संसार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उषा जी का रचना संसार यथार्थ की कड़ी धूप से निसृत है। कुमार विमलेंदु ने उषाकिरण खान की कहानी जीव-दया का वाचन किया। अंतिम सत्र में उषाकिरण की सुपुत्री कनुप्रिया शंकर पंडित ने अपनी माँ की कहानी 'एक है जानकी' का एकल मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अमन प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अरविंद वाजपेयी ने किया।

## बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक श्री एम. कार्तिकयन का पटना दौरा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक पी एम. कार्तिकयन ने दिनांक 11 फरवरी 2025 को बैंक ऑफ इंडिया परना बंधन का दौरा किया। इस उपलक्ष्य में टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन चाणक्य होटल, पटना में किया गया। इसमें एफजीएमओ-पटना के महाप्रबंधक थी एस.वी. साहनी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वनन एवं प्रार्थना के माय किया गया। गणमान्य सदस्यों को सम्मानित करने के पश्चात गणेश वंदना की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वयं सहायता समूह को सम्मानित किया गया तथा स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।। इम कार्यक्रम में जीविका के स्टेट प्रोजेक्ट प्रवन्धक थी पुष्पेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने जीविका के क्रियाकलापों एवं उन्हें बैंक द्वारा प्रदत्त सुविधाजों पर चर्चा की। तत्पश्चात पटना बंच के आंचलिक प्रबन्धक थी ओम प्रकाल चौधरी ने सभी का भव्य स्वागत किया एवं मना को संबोधित किया। एफजीएमओ पटना की महाप्रबंधक श्री एस.वी. साहनी ने उपस्थित शाखा प्रबन्धक को बैंक के हरेक क्षेत्र में विकास करने के लिए प्रेरित किया। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने, व्यापार के साथ-साथ अनुपालन पर भी ध्यान देने और बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात पीपीटी द्वारा पटना अंचल के व्यापार एवं प्रदर्शन को दर्शाया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रवन्धकों के साथ व्यापार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आंचलिक प्रबंधक महोदय ने पूरे अंचल के प्रदर्शन के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा आगे भी शाखाएं इसी लगन एवं उत्साह के साथ कार्य करें इसके लिए भी प्रेरित किया | विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधकों ने भी यह विश्वास दिलाया कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में वह पूर्ण लमन एवं विश्वान के साथ काम करेंगे एवं नयी ऊँचाईयों को प्राप्त करेंगे। माननीय कार्यपालक निदेशक श्री एम. कार्तिकयन ने सभा को संबोधित किया एवं कहा कि हमें सीडी अनुपात को बढ़ाना है। हमें बिहार के विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाना है। बिहार के सरकारी विभागों में तकनीकी विकास से बैंकिंग करने पर जोर देना है । बिहार के कृषि को बढ़ावा देने हेतु कृषि में तकनीकी कार्यान्वयन हेतु कृषि ऋण पर बल देना है। तत्पश्चात व्यापार के विभिन्न मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबन्धकों को सम्मानित किया गया। उप आंचलिक प्रबन्धक ललित विजय नारायण झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । उक्त कार्यक्रम में उप आंचलिक प्रबन्धक (वसूली) ची दिलीप कुमार अग्रवाल, एलजीएमओ पटना के स्टाफ सदस्य, विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रवन्धक, एसएमईसीसी प्रमुख, आरबीसी प्रमुख, एसकेवीके प्रमुख एवं आंचलिक कार्यालय के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

## जुमलों में उलझा केंद्रीय बजट, बिहार के साथ छलावा: कांग्रेस

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार के योजनाओं और जरूरतों के लिए केंद्रीय बजट से आवंटित राशि नाकाफी है जो केवल आंकड़ों के हेर फेर से चुनावी लाभ हेतु वाहवाही लूटने जैसा है, जिसका अध्ययन करने के बाद पता चलता है कि 2015 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घोषणाओं के लब्बोलुआब में आम जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। पिछले बजट में जहां 58,900 करोड़ रुपए आवंटन की घोषणा हुई थी जो अब तक राज्य को अप्राप्त हैं तो इस बजट में 59,900 करोड़ रुपए ही दिए गए हैं। 100 करोड़ की मामूली वृद्धि से बिहार में फिर से वोट बटोरने का भाजपाई स्टंट शुरू हो गया है। ये बातें कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ और रिसर्च विभाग के चेयरमैन सह प्रवक्ता आनंद माधव ने संयुक्त रूप से कही। राजेश राठौड़ ने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार को आर्थिक अंशदान देने का खूब दिखावा हुआ लेकिन असल में मामला उल्टा रहा। केवल 100 करोड़ रुपए का बजट बढ़ाकर दिया गया जबकि केंद्रीय बजट में बिहार की टैक्स की हिस्सेदारी से भी कम रही। केंद्र सरकार मखाना बोर्ड के गठन से वाहवाही ले रही है जबकि केला और लीची बोर्ड का गठन करने पर मौन साध लेती है। केंद्रीय बजट में ही रेलवे बजट को भी समायोजित कर लिया गया है जिसके कारण 12 रेल परियोजनाओं का काम या तो शुरू नहीं हुआ या अधूरा पड़ा है। राज्य की नीतीश सरकार की उदासीनता के कारण हर साल हजारों करोड़ रुपए केंद्रीय बजट का वापस लौट रहा है तो डबल इंजन का दावा करने वाले ये लोग बताएं कि बिहार को बीमारू राज्य क्यों बनाने पर तुले हैं। कृषि योजनाओं पर बोलते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में किसानों के लिए उचित बाजार तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। 2019 में मेट्रो परियोजना अन्य तीन राज्यों में पूरी फुर्ती से काम किया लेकिन पटना मेट्रो अब तक अधूरा है। बिहटा, सोनपुर, रक्सौल एयरपोर्ट निर्माण ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। दरभंगा एम्स का निर्माण 2020 में ही पूर्ण होना था जबकि अभी तक उसका बार बार शिलान्यास ही चल रहा है। कोसी पुल परियोजना 2015 में घोषणा के बावजूद आज तक अधूरा है। गंगा एक्सप्रेस वे भूमि अधिग्रहण की समस्या आज भी जीवंत है जबकि घोषणाओं में यह रोज बनता है। देश भर में मीडिया में हल्ला मचा है कि ये बजट बिहार केंद्रित है जबकि हकीकत में यह कोसों दूर है। बिहार का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरा में दिए स्पेशल पैकेज के जुमले जैसा ही रहा है। बिहार को उद्योग आधारित राज्य बनाने की जगह मजदूर राज्य बनाने में प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी लगे हुए हैं ताकि उनके पूंजीपति मित्रों को आसानी से मजदूर उपलब्ध हो सकें। संवाददाता सम्मेलन में मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ और प्रवक्ता आनंद माधव के अलावे प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, आईटी सेल के चेयरमैन सौरभ सिंहा, लालबाबू लाल, ज्ञान रंजन, निधि पांडेय , शिशिर कौंडिल्य सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी महुआ उत्तरी ग्रामीण मंडल में बूथ संख्या 140 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। उक्त जानकारी समाजसेवी संतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उनकी पुण्यतिथि पर चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। श्री संतोष कुमार ने बताया कि पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में विधानसभा संयोजक गौरी शंकर सिंह, जिला मंत्री बालेसर शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवचंद्र राय, भारतीय जनता पार्टी के नेता आलोक कुमार यादव, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, आईटी सेल के संयोजक ऋषभ कुमार जायसवाल सहित मनीष कुमार, सुधीर कुमार, अमरजीत सिंह, राम लखन यादव, अरविंद सिंह, सीमा सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## महिला इमदाद कमिटी के सदस्यों ने चादर, कंबल और खाद्य सामग्री का किया वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** महिला इमदाद कमिटी, राजभवन पटना (बिहार) के सदस्यों ने छपरा स्थित अंबिका भवानी मंदिर के प्रांगण में जरूरतमंद लोगों के बीच चादर, कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया। उक्त जानकारी कमिटी सदस्य डॉ विंदा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महिला इमदाद कमिटी के सदस्यों ने को मंदिर प्रांगण के लोग ने बताया था कि ठंड के कारण रात्रि में काफी परेशानी होती है, कभी कभी पूरी रात ठंड में जगाकर बिताना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इनलोगों की तकलीफ को देखते हुए कमिटी के सदस्यों ने निर्णय लिया कि इन लोगों को चादर, कंबल और खाद्य सामग्री दिया जाय ताकि इन्हें कुछ सहूलियत मिल सके। डॉ विंदा सिंह ने बताया कि चादर, कंबल और खाद्य सामग्री पाकर इन लोगों का चेहरा खुशी से खिल उठा। कमिटी के सदस्यों ने सभी से लोगो से निवेदन भी किया कि जरूरतमंद लोगों की मदद जरूर करें। उन्होंने बताया कि उक्त अवसर पर कमिटी के सदस्यों में डॉ आशा सिंह, डॉ विंदा सिंह, डॉ पूनम चौधरी,विधु रानी और डॉ आशा त्रिपाठी शामिल थी।

## जेईई मेन 2025 का रिजल्ट हुआ जारी, सामर्थ्य क्लासेज के पाणिनि बने बिहार स्टेट टॉपर

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** जेईई मेन की परीक्षा में एक बार फिर से पटना के सामर्थ्य क्लासेज ने अपना परचम लहराया है। संस्थान के मेधावी छात्र पाणिनि ने जेईई मेन 2025 में बिहार स्टेट टॉपर का खिताब हासिल किया। हाजीपुर, वैशाली निवासी संजय कुमार शर्मा एवं निभा कुमारी के पुत्र पाणिनि ने अपनी 99.9942 पर्सेंटाइल के शानदार प्रदर्शन से अपने संस्थान और राज्य का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि पर सामर्थ्य क्लासेज प्रबंधन ने कहा कि हमारे संस्थान के छात्र पाणिनि ने जेईई मेन 2025 में बिहार में स्टेट टॉपर और अखिल भारतीय स्तर पर 23वीं रैंक हासिल करके बिहार को गौरवान्वित किया है। पाणिनि के समर्पण, कड़ी मेहनत और हमारे विशेषज्ञ मार्गदर्शन ने इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही सामर्थ्य क्लासेज के एक और होनहार छात्र अभिषेक ने भी 99.8738 पर्सेंटाइल हासिल कर अपनी कड़ी मेहनत का परिचय दिया। संस्थान के निदेशक ने कहा कि छात्र अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए सामर्थ्य क्लासेज से जुड़ सकते हैं और अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। विदित हो कि पाणिनि ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी 2024 के 17वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में रजत पदक जीता था। उन्हें खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी के लिए ओसीएससी 2023 के लिए भी चुना गया था और इस वर्ष आईएनपीएचओ, आईएनसीएचओ और आईएनएओ के लिए भी चुना गया था, जहां उन्होंने अपनी पसंद के रूप में खगोल विज्ञान शिविर को चुना। इस साल भी उन्होंने तीनों परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ मेला जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ की सुव्यवस्था एवं यात्री सुविधा हेतु मंडल द्वारा विशेष प्रबंध



**समस्तीपुर**। मंडल के मधुबनी, दरभंगा तथा समस्तीपुर रेलवे स्टेशनों पर दिनांक 10 फरवरी 2025 को कुंभ मेला जाने वाले यात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ देखी गई। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुगम यात्रा हेतु विशेष उपाय किए गए। दरभंगा, मधुबनी, तथा समस्तीपुर स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल (RPF), जीआरपी, टिकट जांच दल (TTE), टिकट चेकिंग स्टाफ (TC) एवं अन्य वाणिज्यिक कर्मचारियों द्वारा यात्रियों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए तथा उन्हें सुरक्षित रूप से ट्रेन में सवार होने में सहायता प्रदान की गई। इस दौरान स्टेशनों पर लगातार उद्घोषणा कर यात्रियों को उचित जानकारी दी जाती रही। अत्यधिक भीड़ के कारण जो यात्री निर्धारित ट्रेन में सवार नहीं हो सके, उनके लिए टिकट वापसी की सुविधा प्रदान की गई, जिसमें दरभंगा स्टेशन पर 126 अनारक्षित एवं 21 आरक्षित टिकट वापस किए गए।वहीं अव्यवस्था फैलाने एवं तोड़फोड़ करने वाले 4 व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें रेलवे सुरक्षा बल, समस्तीपुर द्वारा गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनिय है कि यात्रियों की सुविधा हेतु समस्तीपुर मंडल द्वारा दिनांक 11 फरवरी 2025 को दरभंगा, रक्सौल, जयनगर तथा सहरसा स्टेशनों से प्रयागराज होते हुए कानपुर के लिए चार विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान संयम बनाए रखें एवं अनावश्यक भीड़भाड़ से बचें।रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा हेतु सदैव तत्पर है

### लेखानगर, कैंट रोड, खगौल में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आज से

**खगौल**। जन कल्याण सामाजिक विकास संगठन, लेखा नगर, कैंट रोड, खगौल, पटना के तत्वावधान में दिनांक 12 फरवरी से 16 फरवरी, 2025 तक लेखा नगर कालोनी, बाबा मार्केट के समीप श्री राम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार दिनांक 11 फरवरी को अपराह्न 2 बजे से मनोकामना सिद्धि देवी मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर ऊर्जा नगर मंदिर,लेखानगर देवी मंदिर तथा आशोपुर सूर्य मंदिर का परिभ्रमण करते हुए श्रीराम कथा स्थल के पास संपन्न हुआ। इस शोभा यात्रा में पूर्व विधायक श्रीमती आशा सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता भाई सनोज यादव सहित अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस शोभा यात्रा की विशेषता रही कि समाज का हर वर्ग इसमें हर्ष पूर्वक सम्मिलित हुआ। हाथों में श्रीराम ध्वज लहराते हुए केसरिया, लाल-पीले वस्त्रों में महिलाओं, बच्चों तथा बड़े-बुजुर्गो का उत्साह चरम पर था। शोभा यात्रा के सफल आयोजन में समिति के सदस्यगण का भरपूर सहयोग रहा जिनमें सर्व तपन कुमार, ओंकार नाथ मिश्र,हरेंद्र प्रताप सिंह,रमाशंकर सिंह,राजेंद्र प्रसाद दुबे,संजय पाठक,जगदीश लाल,राघव प्रसाद सिन्हा,अखिलेश कुमार सिंह,संतोष कुंदन,सी.डी. यादव,अमित कुमार, संतोष कुमार, प्रवीण दुबे, टी. पी. सिन्हा तथा हरिहर कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मनाई गई पुण्यतिथि



**सुगौली**। नगर पंचायत के वार्ड नं 06 सुगौली में सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य तिथि भाजपा नेताओं ने मनाया। सभी लोगो ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया । सांसद प्रतिनिधि श्री सराफ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्य को बताया । मौके पर पूर्व पार्षद जितेन्द्र सिंह, अंकुर चौधरी, हर्षवर्धन सराफ, नारायण प्रसाद, मनोज कुमार, संजीत कुमार, दिनेश प्रसाद, रामू कुमार, सुजीत प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।

### नर्सिंग होम में फर्जी डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन किए जाने के दौरान जच्चा बच्चा की हुई मौत



**समस्तीपुर/उजियारपुर**। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अवैध रूप से न6सिंग होम संचालित है जहां शनिवार डिलीवरी के लिए प्रसूता को भर्ती कराया गया मंगलवार की सुबह जच्चा बच्चा की मृत्यु हो जाने पर परिवार के द्वारा बताया गया शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उजियारपुर आशा के द्वारा प्रसूता को भर्ती नहीं लिया गया तो आशा के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के सामने निजी नर्सिंग होम मां भवानी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां मंगलवार की सुबह जच्चा बच्चा का मृत्यु हो जाता हैं वही मृतिका की पहचान रेणु देवी उम्र 24 वर्ष, पति- अमित पासवान बिरसिंहपुर की बताई जा रही है मृतक के स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया कि रेणु देवी का एक लड़का एवं दो लड़की है जिसका भरण पोषण कौन करेगा डॉक्टर के लापरवाही के वजह से आज एक गरीब के बच्चों के सर से मां का साया दूर हो गया वहीं परिवार के लोगों को रो रो कर बुरा हाल है

### महापौर उषा देवी अग्रवाल ने किया ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन



**कटिहार**। महर्षि मेंही होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कटिहार में एकदिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन कॉलेज संचालक के द्वारा किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कटिहार शहर की महापौर उषा देवी अग्रवाल ने ब्लड डोनेशन कैंप का विधिवत्त दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया है इस मौके पर निर्मल डालमिया, डॉक्टर जी.सी. मेहता, डॉक्टर चंद्रभानुस साह, कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉक्टर अभिनव राज, भाजपा नेत्री डिस्कीट अग्रवाल एवं अन्य डॉक्टर गण इस मौके पर मौजूद रहे।

# फाइलेरिया मुक्त पंचायत के सपने को साकार करने में जुटे मुखिया

नई सोच एक्सप्रेस

» माइकिंग व प्रचार रथ से पंचायत में जागरूकता अभियान तेज



**छपरा**। सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड के कचनार पंचायत को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए मुखिया नागेंद्र कुमार राम ने कमर कस ली है। पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए उन्होंने ऑटो रिक्शा से माइकिंग के जरिए लोगों को जागरूक किया और फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2025 को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। स्थानीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुखिया नागेंद्र कुमार राम ने स्वयं दवा सेवन कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा, "फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे जड़ से मिटाने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है। अगर हमारा पंचायत फाइलेरिया मुक्त होगा, तो जिला भी इससे मुक्त हो सकेगा।" उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे दवा का सेवन करें और अपने परिवार को इस बीमारी से सुरक्षित रखें। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पंचायत में निःशुल्क दवा खिलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और आम नागरिक सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान टेकनिवास पंचायत की मुखिया जीरा देवी, प्रतिनिधि नीरज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फाइलेरिया के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रचार रथ को रवाना किया गया। यह प्रचार रथ पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को दवा सेवन के प्रति प्रेरित करेगा। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम बालक सिंह, पंचायत सेवक उमेश कुमार, वार्ड सदस्य दशरथ राय, रविशंकर शर्मा, विकास मित्र सुनीता कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, आशा फेसिलिटेटर तारा देवी, आशा कार्यकर्ता रिंकू देवी एवं लालझरी देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## डाकघर के द्विवार्षिक मंडलीय अधिवेशन में हुआ संघ का चुनाव



नई सोच एक्सप्रेस

छपरा। भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी, पोस्टमैन एमटीएस, सारण प्रमंडल का द्विवार्षिक मंडलीय अधिवेशन प्रधान डाकघर छपरा के प्रांगण में संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सर्किल सचिव विकास कुमार सिंह के साथ पटना जीपीओ के मंडलीय सचिव प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि एवं पर्यवेक्षक के रूप में जय प्रकाश, प्रवर डाक अधीक्षक, सारण प्रमंडल मौजूद रहे। अधिवेशन में सर्वसम्मति से सारण प्रमंडल के ग्रुप "सी" के लिए सुनील कुमार सिंह को अध्यक्ष, ध्यानचंद कुमार को उपाध्यक्ष,आलोक प्रकाश सिंह को सचिव, बीरेंद्र कुमार यादव को उपसचिव, शैलेन्द्र प्रसाद को कोषाध्यक्ष, सुधीर कुमार को सहायक कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही सर्वसम्मति से सारण प्रमंडल के पोस्टमैन, एमटीएस वर्ग के लिए जितेंद्र दीक्षित को अध्यक्ष, अनिल कुमार को सचिव दिग्विजय मनीष को उपसचिव तथा मुकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जिनकी स्वीकृति भारतीय कर्मचारी संघ, बिहार परिमंडल, पटना के सर्किल सचिव, सर्किल अध्यक्ष के साथ पर्यवेक्षक वरीय डाक अधीक्षक, सारण प्रमंडल, छपरा द्वारा दिया गया।अधिवेशन में स्वागत भाषण राजेश्वर कुंवर तथा मंच का संचालन प्रो.डॉ. श्याम शरण, द्वारा किया गया। अधिवेशन में अवकाश प्राप्त डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया।

## 124 रन से फुलवरिया के टीम विजयी



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय में आयोजित प्रीमियम टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा दिन नेपाल वह फुलवरिया के बीच मैच खेला गया। सेल शुरू होने के पहले दोनों खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय पत्र किया गया। फुलवरिया की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फुलवरिया की टीम ने आठ विकेट खोकर 294 रन बनाई।जिसके जबाब में उतरी नेपाल की टीम 170 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 124 रन से फुलवरिया के टीम जीत हासिल की।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तुषार को दिया गया,जिसने 52 रन बनाया और तीन विकेट लिया। मैच में एम्पायर विजय कुशवाहा व मनोज कुमार,स्कोरर सलौदीन , कमेंटेटर प्रमोद मिश्र,यश कुमार,विकेश रंजन मिश्र थे। मौके पर व्यवस्थापक मुखिया अवधेश कुशवाहा,असदेव राम,अध्यक्ष रामाश्रय महतो,सचिव पैक्सध्यक्ष संजीव शर्मा,कोषाध्यक्ष संतोष जयसवाल,संदीप मिश्र,प्रदीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

# भाकपा-माले मोतीपुर लोकल कमिटी की बैठक संपन्न, 2 मार्च को पटना महाजुटान रैली में भाग लेंगे ग्रामीण

## स्कीम वर्कर्स को राज्यकर्मी का दर्जा एवं वेतन मिले-ब्रहमदेव प्रसाद सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



» छात्र-युवा संघर्ष यात्रा 12 फरवरी को 2 बजे पहुंचेगी गांधी चौक, होगा सभा- सुरेंद्र प्रसाद सिंह

» मोतीपुर सभी टोले में रैली की सफलता को लेकर होगा पदयात्रा- राजदेव प्रसाद सिंह

**समस्तीपुर**। मोतीपुर के सभी चार टोले से एक सौ से अधिक ग्रामीण 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में भाकपा माले द्वारा आयोजित बदलो बिहार महाजुटान में भाग लेंगे। बढ़ते सड़क हादसा के खिलाफ भाकपा माले ताजपुर बाजार क्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने को अभियान चलाएगी। आवास सूची, दाखिल-खारिज, एलपीसी में घूसखोरी के खिलाफ भाकपा माले आंदोलन तेज करेगी। उक्त आशय का निर्णय मंगलवार को भाकपा माले मोतीपुर लोकल कमिटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता लोकल कमिटी सचिव राजदेव प्रसाद सिंह ने की। पर्यवेक्षण प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने की। बैठक में शंकर महतो, कैलाश सिंह, ललन दास, मोतीलाल सिंह, जवाहर सिंह, विन्देश्वर सिंह, राजेश्वर सिंह, संजू देवी, सुनीता देवी, उषा देवी, सांझा देवी, गायत्री देवी, कविता देवी, चंपा देवी, रामबाबू सिंह, आदर्श कुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। बतौर अतिथि भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरे संपन्न राज्यों में राज्य सरकार दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों की जीवन-यापन, वेशभूषा, रहन-सहन, शिक्षा-चिकित्सा आदि का स्तर ऊंचा करने में लगी है जिसकी बिहार में सिर्फ कहने को विकास और सुशासन की सरकार है। माले नेता ने पीडीएस के गेहूं-चावल के साथ दाल, तेल, चीनी देने, वृद्धावस्था, मोसमाती दिव्यांग पेंशन 3 हजार रूपए करने, झारखंड की तरह सभी परिवारों को 2 सौ यूनिट बिजली फ्री देने, सभी गरीबों को मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का 2-2 लाख रूपये देने, सभी भूमिहीन को वासभूमि एवं आवास देने, सभी महिलाओं को 3 हजार रूपए प्रतिमाह देने, प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, आशा, रसोईया, सेविका-सहायिका, विद्यालय प्रहरी, ममता, कुरियर, जीविका, सफाईकर्मी समेत सभी स्कीम वर्करों को राज्य कर्मी का दर्जा एवं 25 हजार रुपए वेतन देने की मांग की। 12 फरवरी को 2 बजे छात्र-युवा संघर्ष यात्रा के गांधी चौक पर पहुंचने पर सभा करने, 22 फरवरी को पदयात्रा करने, 2 मार्च की रैली की सफलता को लेकर पदयात्रा निकालने, संघर्ष कोष इकट्ठा करने समेत कई अन्य निर्णय बैठक से लिया गया।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# बिहार और युवा



**विकास वैभव का संदेश बिहार के युवा एक होकर एक दिशा में ऊर्जा लगाएं**

नई सोच एक्सप्रेस

**[ बिहार उस मोड़ पर खड़ा है जहां से आगे बढ़ने के सब दरवाज़े खुले पड़े हैं। अपने युवाओं की ओर एक उम्मीद से टकटकी लगा रहा कि वें अपनी मातृभूमि के लिए एक होकर जातिवादी बंधन को तोड़ डालेंगे और अपने बिहार के लिए कठिन परिश्रम करेंगे। वह समय आ गया है जब सब मिलकर जय बिहार से आसमान को गुंजायमान कर दें। ]**

बिहार के लोग सदियों से अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील रहते आएं है। इसी सांस्कृतिक विरासत परंपरा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराने में सफल भी है। बिहार की सुंदर संस्कृति और माता पिता के सुंदर संस्कार से युवाओं के हृदय की कोठरियों में जहां, मानवीय मूल्यों के फूल को खिलकर, सम्पूर्ण बिहार में उन तमाम फूलों की खुशबू फैल जानी चाहिए थीं। इसके विपरित युवाओं के हृदय में एक दूसरे के प्रति द्वेष, घृणा और नफ़रत की बीज बोने वाले इन लघुवादियों ने अपने विषबेल के बीजों को बोने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। इसका बहुत भयावह परिणाम देखने को मिल रहा है। जातिवाद, क्षेत्रवाद और धर्मवाद जैसे लघुवाद में विभाजित युवा समाज अलग अलग दिशाओं में अपनी महत्त्वपूर्ण ऊर्जा को व्यय कर रही हैं। जिससे, बिहार के उत्थान में लगा रथ का पहिया एक जगह दशकों से स्थिर खड़ा हो कर तमाशाबीन हो गया है। यह रथ भी ऐसे सारथी की तलाश में हैं जो, बिहार के युवाओं को एकता के सूत्र में बांध कर, उन्हें सामूहिक रूप से अपनी ऊर्जा एक दिशा में रखने के लिए प्रेरित कर संके। युवाओं में बिहार गढ़ने की तमाम क्षमताएं विराजमान हैं। बिहार में युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आईपीएस विकास वैभव संकल्पित है। जितने बेरोजगार युवक बिहार में हैं, सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं हैं। इसलिए उन्हें स्वावलंबन की ओर प्रेरित करना एक सराहनीय कदम है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा से अन्य बौद्धिकों को जोड़ना होगा। यह पहली बार हो रहा है कि बिहार की आम जनमानस इतनी सक्रियता से एक सामाजिक संदेश को वृहत मंच पर ले जाने को तैयार हैं। एक सुखद अनुभूति यह है कि वैश्विक स्तर पर इस अभियान की पहचान भी बन रही हैं। युवाओं का एक होकर रहना बिहार की जरूरत है और स्वयं युवाओं का भविष्य भी है। कुछ बेहतर करने के लिए आपस में प्रेम का होना जरूरी है। प्रेम और सौहार्द से ही नव बिहार को गढ़ना संभव है। जब तक, आपस में मन नहीं मिलेगा तब तक बिहार के युवाओं को एक दिशा में रखना संभव नहीं। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के द्वारा बिहार अपनी खो रही समरस परंपराओं को वापस लाने में सफल हो रहा है। बिहार के युवाओं में असीम क्षमताएं विराजमान हैं। पर, उन तमाम युवाओं के सोचने, समझने और कार्य करने वाले गुणों को लघुवादियों ने गुलाम बना कर अपने वश में कर लिया हैं। जातिवाद एक ऐसा दीमक हैं जो, धीरे–धीरे पूरे बिहार के समाज को चाटते जा रहा है, नतीजन बिहार में प्रेम और सौहार्द खोखला हो रहा है। स्वार्थ की वृद्धि इतनी तीव्रता से हो रही हैं कि लोग लोक लाज और लिहाज़ को तिलांजलि दे रहे हैं। मानवीय संवेदना शून्य होकर वीराने की ओर तेज़ी से अग्रसर हो गई है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार राज्य के संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन भारत की धरोहर को समाहित करते हुए यात्रा में गतिशील है। बिहार के युवाओं के हृदय में नव बिहार निर्माण के लिए नव कोंपल को फूटते हुए देख रहा हूं। मेरी भी उम्मीद जगी है। और, इस नेक कोशिश को लेकर आईपीएस विकास वैभव गंभीर है। उनका मानना है कि बिहार के युवाओं को एक साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए चिन्तन करना होगा। आईपीएस विकास वैभव का संदेश है कि बिहार के युवा एक होकर एक दिशा में ऊर्जा लगाएं तभी हम साकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## जन सुराज पार्टी द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। प्रखंड के पजियारवा पंचायत अंतर्गत देओदतवा गाँव में जन सुराज पार्टी के तत्वावधान में एक जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जन सुराज पार्टी के सुगौली प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार मिश्रा ने की। इस अवसर पर जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय झा, स्टेट कमिटी सदस्य रविश मिश्रा, मोन्टर नुरुल होदा कुरैशी, हरीशचंद्र गिरि, संतोष चौधरी, अनीश शुक्ला, अभिषेक पांडेय, प्रशांत मिश्रा, पूर्व मुखिया रवि पांडेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जन सुराज पार्टी के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों के बीच संवाद स्थापित किया गया, जिसमें ग्राम विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने पंचायत स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान और संगठन की भूमिका पर जोर दिया तथा क्षेत्र के विकास के लिए जन सुराज पार्टी के संकल्प को दोहराया। जन सुराज पार्टी ऐसे जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करने के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

# श्रम संसाधन विभाग ने नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। श्रम संसाधन विभाग के तत्वाधान में नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम स्कीम अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय (नियोजन मेला) जिला नियोजनालय द्वारा किया गया। सुश्री आकृति कुमारी जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा नियोजन पक्ष के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें NCS Portal पर निबंधन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया तथा NCS Portal पर Training संबंधी Career संबंधी, रोजगार प्राप्त करने की जानकारी कैसे प्राप्त करना है, किस प्रकार से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकता है। दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के मौके इत्यादि की जानकारी अभ्यर्थियों के साथ साझा की गई। इसके साथ ही साथ जिला नियोजनालय द्वारा चलाई जा रही। इस मेला का उद्घाटन संयुक्त रूप से सतीश कुमार, ब्रजेश कुमार, मृत्युंजय कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलीत कर किया गया। इसके पश्चात सतीश कुमार द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग युवाओं को रोजगार एवं मार्गदर्शन दिलानें के कार्य में अग्रसर है। उन्होने श्रम संसाधन विभाग के कल्याणकारी योजनाओं जैसे टूल किट, स्टडी किट स्कीम, कुशल युवा कार्यक्रम NCS Registration इत्यादि पर प्रकाश डालते हुए युवाओं का मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन किया गया। उन्होने बताया कि किस प्रकार NCS पोर्टल पर निबंधन करा के जिले के युवा देश में होने वाली किसी भी निजी क्षेत्र के रोजगार रिक्ति के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही तकनीकि प्रशिक्षण से डिप्लोमा कर चुके अभ्यर्थियों को स्वरोजगार का महत्व बतातें हुए टूल किट योजना के लिए भी प्रोत्साहित किया। देश में व्याप्त बेरोजगारी पर चिंता व्यक्त करते हुए युवा केवल सरकारी नौकरी के पीछे न भागकर निजी क्षेत्र में उत्पन्न हो रही नौकरियों के अवसर का लाभ प्राप्त करें। इस नियोजन मेले में अलग-अलग क्षेत्र के 17 नियोजकों द्वारा भाग लिया गया जिसमें 1195 बायोडाटा प्राप्त हुआ। प्राप्त बायोडाटा से कुल 391 युवाओं का औपबंधित चयन किया गया। जिसमें 42 अभ्यर्थियों का ऑफर लेटर दिया गया। साथ ही विभागीय स्टॉल यथा DRCC, GM- DIC, ITI, PNB RSETI, एवं श्रम विभाग द्वारा कुल 333 लाभुकों का मार्गदर्शन किया गया, इस प्रकार इस नियोजन मेला में कुल 2089 युवाओं ने भाग लिया एवं नियोजन के इस अवसर का लाभ उठाया। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा अंत में इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



**खगौल।** ईसी रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ प्राचार्य ज्ञानेश्वर, शिक्षक डॉ.विजय कुमार सिंह, एसके शाडिल्य, गजेन्द्र प्रसाद चौधरी, अंजनी कुमार, गिरिजा कुमारी एवं नजमा खानम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विदाई समारोह में बहुत ही उत्साहपूर्ण माहौल रहा, लड़कियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे कार्यक्रम में एक खुशी और भावनात्मक माहौल बन गया। अपने संबोधन में प्राचार्य ज्ञानेशवर ने कहा कि विद्यार्थियों के खाना मिले या ना मिले लेकिन उनको नित्य दिन ज्ञानार्जन हेतु स्वध्याय अवश्य करना चाहिए। वहीं भौतिकी के शिक्षक डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा कि आपने अपने विद्यार्थी जीवन में जो समर्पण दिखाया है, वह उल्लेखनीय है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह प्रतिबद्धता आपको भविष्य में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने मिस रेलवे स्कूल का सम्मान आयुषी कुमारी एवं मिस्टर रेलवे स्कूल का सम्मान संयुक्त रूप से सुमित एवं परख कुमार को घोषित करते हुए प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### अलमपुर गोणपुरा पंचायत पहुंचे सहकारीता मंत्री , सहकारिता चौपाल का किया उद्घाटन

**फुलवारी शरीफ।** बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार मंगलवार को फुलवारी शरीफ प्रखंड के आलमपुर गोणपुरा पंचायत पहुंचे जहां उन्होंने सहकारिता चौपाल का उद्घाटन किया. मंत्री का गोणपुरा पैक्स अध्यक्ष राजीव रंजन ने भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पैक्स में होने वाले कार्यों की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया। सहकारिता मंत्री ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों से सम्बंधित सभी प्रकार की आवश्यक कृषि यंत्रों को पैक्स के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।जन औषधि केंद्र , पेट्रोल पंप, गैस आउटलेट, सी एस सी पैक्स में खोले जायेगे। इस अवसर पर पाटलिपुत्र सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रितेश कुमार ने किसानों से कहा कि अधिक से अधिक किसानों का खाता को ऑपरेटिव बैंक में खुलवाए इससे बैंक और किसानों दोनों को फायदा होगा। गोनपुरा पैक्स के अध्यक्ष राजीव रंजन ने मंत्री श्री कुमार से आग्रह किया कि पैक्स में एल पी जी गैस आउटलेट एवं गोदाम निर्माण की स्वीकृति दिया जाए एवं जन औषधि केंद्र में फार्मासिस्ट की आवश्यकता को खत्म किया जाए। इस अवसर पर संयुक्त निबंधक प्रभात कुमार, कामेश्वर ठाकुर, जिला सहकारिता पदाधिकारी समरेश कुमार सहित पैक्स सदस्यों के साथ बहुत सारे किसान मौजूद रहे।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती का भव्य आयोजन, शोभायात्रा व सत्संग का होगा आयोजन




**परबत्ता, खगड़िया।** संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी की जयंती के शुभ अवसर पर संत शिरोमणि रविदास नव युवक संघ, बुद्धनगर भरतखण्ड, परबत्ता, खगड़िया द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रहने की उम्मीद है।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:**

पूजन एवं आरती: प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक
शोभा यात्रा: प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सत्संग एवं भजन संध्या: शाम 06 बजे से रात 10 बजे तक

शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि इस अवसर पर शोभायात्रा पूरे क्षेत्र में निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयघोष के साथ संत रविदास जी के संदेशों का प्रचार करेंगे। वहीं, शाम को सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। ग्रामवासियों एवं आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की ।

### खुशडांगी में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट खेल का आयोजन किया गया



**किशनगंज** ।मंगलवार को ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पथरिया पंचायत के खुशीडांगी गांव में खुशी डांगी क्रिकेट क्लब के द्वारा एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजित किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह विधान पार्षद प्रतिनिधि सह अधिवक्ता कौशल किशोर यादव भाजपा नगर अध्यक्ष अतुल सिंह समाजसेवी संजीव शह सहित आदि ने बताया कि खेल किसी भी तरह का हो हर व्यक्ति को खेलनी चाहिए क्योंकि इससे सिहत भी अच्छा रहता है अगर नई पीढ़ी के युवाओं को इससे बहुत बड़ा शिक्षा हासिल होता है इस मौके पर सभी लोगों ने युवाओं के हौसला अफजाई के लिए युवाओं को बधाई दी और सभी ने आगे बताया कि जीत का नाम रोशन नहीं बल्कि हर का भी नाम जीत है युवाओं को हौसला तोड़नी नहीं चाहिए और खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए इस मौके पर मुख्य रूप से राजेंद्र कुमार कृष्ण कुमार रोहित कुमार आकाश कुमार रोशन कुमार अजीत कुमार रामनाथ कुमार सहित अन्य रहे मौजूद।

# मॉडर्न लाइफस्टाइल के लिए परफेक्ट कूलिंग- सैमसंग बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर रेंज लॉन्च की है, जो भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। अत्याधुनिक एआई तकनीक, ऊर्जा कुशल प्रदर्शन और आधुनिक जीवनशैली में सहज समावेश के साथ, यह नई रेंज न केवल भारतीय गर्मियों के लिए कूलिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाती है बल्कि घरों में आरामदायक माहौल भी बनाए रखती है। एआई फास्ट एंड कम्फर्ट कूलिंग तकनीक से लैस ये एयर कंडीशनर कमरे का तापमान तेजी से कम करते हैं और फिर धीरे-धीरे विंडफ्रीत्र् कूलिंग में बदल जाते हैं। यह अनूठी तकनीक बिना किसी तेज हवा के कोमल और प्रभावी कूलिंग सुनिश्चित करती है, जो इनडोर और आउटडोर परिस्थितियों के अनुसार खुद को अनुकूलित कर लेती है। यह सिस्टम उपयोगकर्ता की पसंद और आदतों को लगातार सीखकर व्यक्तिगत कूलिंग समाधान प्रदान करता है, जिससे यह भारत के अनिश्चित जलवायु में रहने वाले परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक, अपने माइक्रो एयर होल डिज़ाइन के जरिए हवा को समान रूप से फैलाकर ष्स्टिल एयरष् वातावरण बनाती है, जिससे ठंडक का अहसास होता है लेकिन बिना किसी अप्रिय हवा के झोंकों के। इसके साथ एआई एनर्जी मोड भी दिया गया है, जो रियल-टाइम परिस्थितियों और उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण कर ऊर्जा की खपत को कम करता है। यह तकनीक 30 प्रतिशत तक बिजली की बचत करने में सक्षम है, जिससे भीषण गर्मी के दौरान भी घर ठंडे और आरामदायक बने रहते हैं। स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी की मदद से यूजर्स अपने एयर कंडीशनर को स्मार्टफोन या बिक्सबी, एलेक्सा और गूगल होम जैसे वॉयस असिस्टेंट से आसानी से नियंत्रित और मॉनिटर कर सकते हैं। चाहे घर पहुंचने पर वेलकम कूलिंग सेट करना हो या अलग-अलग कमरों के लिए कूलिंग सेटिंग को कस्टमाइज करना हो, ये एसी हर स्थिति में सुविधा और एक बेहतर कनेक्टेड अनुभव प्रदान करते हैं। आज के समय में, जब स्पेस ऑप्टिमाइजेशन और शांत संचालन सबसे जरूरी हैं, तो एडवांस ट्विन कंप्रेसर डिज़ाइन और ट्विन ट्यूब मफलर शोर और कंपन को काफी हद तक कम कर देते हैं, जिससे घर के अंदर शांत और सुकून भरा माहौल बना रहता है। यह रेंज वर्क-फ्रॉम-होम सेटअप, आरामदायक शामों और सुकून भरी नींद के लिए खासतौर पर उपयुक्त है। आधुनिक जीवनशैली में पूरी तरह फिट होने के लिए डिज़ाइन किए गए ये एसी सिर्फ आराम ही नहीं, बल्कि एक प्रीमियम अहसास भी देते हैं। इनका स्लीक और कस्टमाइज़ेबल डिज़ाइन और इंटेलिजेंट फीचर्स इन्हें हर घर के लिए जरूरी बनाते हैं। ये एयर कंडीशनर सिर्फ शक्तिशाली कूलिंग मशीन नहीं हैं, बल्कि इनमें फ्रीज़ वॉश, कॉपर एंटी-बैक्टीरियल फिल्टर, कम बिजली खपत और इंटेलिजेंट एआई-सक्षम नियंत्रण जैसे स्मार्ट फीचर्स भी हैं। यह सिस्टम कमरे के तापमान के अनुसार ऑटोमैटिकली कूलिंग एडजस्ट करता है, जिससे उपभोक्ताओं को एक बेहतरीन और अधिक सुविधाजनक अनुभव मिलता है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारा जोरदार टक्कर



नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज।** मंगलवार को कुर्लिकोट थाना क्षेत्र के पिकु स्कूल के के सामने बाइक और ट्रक में हुआ जोरदार टक्कर मौके पर बाइक चालक किशन राम उम्र 30 साल पिता शंकर राम गांव कलकाडांगा के निवासी थे स्थानीय लोगों ने बताया कि किशन राम किसी जरूरी काम से ठाकुरगंज आए थे जहां घर जाने के क्रम में अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक के चपट में आने से युवक की मौत हो गई इधर घटना की सूचना कुर्लीकोट थाना अध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे को मिलते ही मौके पर अपनी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर हॉस्पिटल किशनगंज भेजा गया इधर घटना की खबर परिवार को मिलते ही परिवार के सदस्यों में चीख पूकार होने लगी मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है लोगों ने बताया कि एन एच बना मौत का कुआं आए दिन तरह तरह की घटना प्रकाश में आते हैं एन एच पर चलने वाले वाहनों का तेज रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग रहे हैं जिसके कारण वाहन चालक अपनी रफ्तार को बैठते हैं और एक दूसरे के परिवार का चिराग को बुझा देता है।

## अदाणी डिफेंस, डीआरडीओ ने पेश की ड्रोन के खतरे से निपटने वाली रक्षा प्रणाली

नई सोच एक्सप्रेस




**गोड्डा,बेंगलुरु।** (भाषा) अदाणी समूह की रक्षा इकाई अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने डीआरडीओ के साथ मिलकर मंगलवार को 'एयरो इंडिया' प्रदर्शनी में भारत की वाहनों पर लगाई जाने वाली ड्रोन-रोधी प्रणाली को पेश किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली) डॉ बी के दास ने यहां चल रही रक्षा प्रदर्शनी के दौरान इस प्रणाली को रक्षा विशेषज्ञों और उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में पेश किया। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने बयान में कहा कि यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को मजबूती देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक युद्ध में टोही और आक्रामक अभियानों दोनों के लिए ड्रोन के बढ़ते उपयोग के साथ, एक मजबूत ड्रोन-रोधी प्रणाली की जरूरत बढ़ गई है। बयान के मुताबिक, वाहन पर लगने वाली ड्रोन-रोधी प्रणाली लंबी दूरी की सुरक्षा, चपलता और सटीकता सुनिश्चित करती है, जो इसे आधुनिक सैन्यबलों के लिए एक दमदार प्रणाली बनाता है। यह स्वचालित पहचान, वर्गीकरण और ड्रोन को बेअसर करने सहित उन्नत संवेदी क्षमताओं के जरिये निर्बाध सुरक्षा प्रदान करती है। कंपनी ने कहा कि एक वाहन पर लगी यह प्रणाली अत्यधिक सचल, चुस्त, विश्वसनीय और आत्मनिर्भर ड्रोन-रोधी समाधान मुहैया कराती है। इस ड्रोन-रोधी प्रणाली में ड्रोन को सटीकता से मार गिराने के लिए एक उच्च-क्षमता वाली लेजर प्रणाली, हवाई खतरे से निपटने के लिए 7.62 मिमी की बंदूक और 10 किलोमीटर की दूरी तक वास्तविक समय में निशाना ढूंढने, ट्रैकिंग और उसे निष्क्रिय करने के लिए उन्नत रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर और जैमर लगे हुए हैं। कंपनी ने कहा कि एक ही मंच पर कई ड्रोन-रोधी प्रौद्योगिकियों का एकीकरण होने से यह त्वरित प्रतिक्रिया और लचीले संचालन को सुनिश्चित करता है। इससे यह प्रणाली भारत के रक्षा बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण जरिया बन जाती है। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष राजवंशी ने कहा, ''यह पेशकश भारत के रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी की सफलता का प्रमाण है, जो डीआरडीओ के विश्वस्तरीय शोध एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) ढांचे द्वारा संचालित है। हमें डीआरडीओ की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को परिचालन के लिए तैयार समाधान में बदलने पर गर्व है।'' इस अवसर पर डीआरडीओ के डॉ दास ने कहा कि इस प्रणाली की शुरुआत अलग तरह के खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है जीबी लचीलापन सुनिश्चित होती है।

## एसआईटी सीतामढ़ी में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» छात्रों ने साइबर सुरक्षा पर सीखा व्यावहारिक ज्ञान



**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में "सुरक्षित इंटरनेट दिवस" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीनियर सिक्योरिटी एसोसिएट श्री आदित्य प्रकाश यादव ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए एक प्रभावी और ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया। सत्र की शुरुआत में प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने इंटरनेट के महत्व एवं उसके आम जन जीवन में बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला। सीएसई ब्रांच के एचओडी सादिक नईम ने विषय प्रवेश करते हुए वर्तमान समय में इंटरनेट की उपयोगिता से ज्यादा साइबर सुरक्षा की जरूरत और डिजिटल अरेस्ट जैसे जोखिमों से बचाव की जानकारी होने पर बल दिया। अपने मुख्य सेशन की शुरुआत करते हुए रिसोर्स पर्सन ने क्विज के माध्यम से छात्र छात्राओं के साइबर ज्ञान की परख की और फिर उन्होंने इंटरनेट सुरक्षा, साइबर अपराध के नवीनतम रुझान, साइबर हाइजीन, साइबर अपराध की रिपोर्टिंग कहां और कैसे की जाए और साइबर सुरक्षा में करियर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया कि कैसे वे ऑनलाइन खतरों से बच सकते हैं और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकते हैं। छात्र छात्राओं ने भी आम साइबर धोखाधड़ी और घोटाले, डिजिटल फिशिंग, रैंसमवेयर, डीपफेक के बढ़ते खतरे तथा सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराध से जुड़े कई सवाल पूछे जिसे रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़ी सहजता से उदाहरण देकर बताया गया। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन और सरकारी सहायता केंद्रों की जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली और व्यावहारिक बनाने के लिए कई हैंड्स-ऑन गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। छात्रों को कई साइबर सुरक्षा अभ्यासों में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने सुरक्षित ब्राउज़िंग, सार्वजनिक वाई-फाई के सुरक्षित उपयोग और साइबर सुरक्षा में करियर के अवसरों पर गहन चर्चा की। संस्थान की एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज की एचओडी एवं इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ आरती कुमारी ने बताया कि इस तरह के ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम से छात्रों में साइबर सुरक्षा की बुनियादी और व्यावहारिक जानकारी को गहराई से समझने का अवसर मिला है। इस आयोजन में मंच संचालन सीएसई ब्रांच के तृतीय वर्ष के छात्र नितिन उपाध्याय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक विकाश कुमार ने किया।

## भूमि विवाद निराकरण बैठक आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**मसौढ़ी।** अनुमंडल पदाधिकारी अमित पटेल, की अध्यक्षता में सभी अंचल अधिकारी (CO) एवं थाना प्रभारियों (SHO) के साथ भूमि विवाद निराकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 5 संवेदनशील भूमि विवाद मामलों का निपटारा किया गया। सभी अंचल अधिकारियों (CO) एवं थाना प्रभारियों (SHO) को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार का नियमित आयोजन करें तथा भूमि समाधान पोर्टल पर सभी प्रक्रियाओं को अपलोड करना सुनिश्चित करें। माननीय न्यायालय में विचाराधीन भूमि विवाद संबंधी वादों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं कारण पृक्षा-पत्र दाखिल करने हेतु अंचल अधिकारियों (CO) को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, अवैध बालू खनन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने हेतु सभी थाना प्रभारियों (SHO) को निर्देश दिया गया, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## रानी ड्रेसेस नें अधीरा एकादश क़ो 167रन से हराकर फाइनल मे पहुंची. मैन ऑफ़ द मैच निखिल चौहान बने

नई सोच एक्सप्रेस



**किशनगंज।** ठाकुरगंज क्रिकेट क्लब एसोसिएशन द्वारा गाँधी मैदान ठाकुरगंज मे जहांगीर आलम मेमोरियल न्यू ईयर चैलेंजर ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल अधीरा एकादश और रानी ड्रेसेस मानिकपुर ठाकुरगंज के बीच खेला गया। मैच मे मुख्य अतिथि के रूप मे ठाकुरगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सिकंदर पटेल विशिष्ट अतिथि उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिन्हा पूर्व पार्षद समाजसेवी बिल्कु लाहिरी पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप साह टीसीसी के पूर्व खिलाड़ी अभय झा अरविंद झा उपस्थित हुए जिन्हे क्लब के अध्यक्ष कन्हैया लाल महतो सचिव संजय सिन्हा अनिल साह संजय यादव आकाश चौधरी नसीम अख्तर नें बुके माला से स्वागत किया।मैच राष्ट्र गान से शुरू हुई। टॉस रानी ड्रेसेस ठाकुरगंज नें जीतकर पहले बल्लेबाजी किया। पहली पारी मे रानी ड्रेसेस ठाकुरगंज नें बीस ओवर मे पांच विकेट खोकर 217 रन बनाय। अधीरा एकादश के गेंदबाज प्रेम साह नें दो विकेट और मुन्ना व अरविंद नें एक एक विकेट लिए। दूसरी पारी मे अधीरा एकादश अपने लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.2 ओवर मे 50 रन पर ऑल आउट हो गई.रानी ड्रेसेस 167 रन से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल मे पहुंची। अधीरा के एकमात्र बल्लेबाज सोनू साह 18 रन बनाये. रानी ड्रेसेस के गेंदबाज जाहिद 3 विकेट निराला और वैभव नें दो दो विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच निखिल चौहान हुए जो 88 रन की पारी खेली।मैच मे अंपायर नसीम अख्तर व ऋतिक चौधरी थर्ड अंपायर प्रेम चौधरी रेफरी रोहित जायसवाल कमेंटेटर सुनील सहनी राहुल मिश्रा अनुभव गोस्वामी तथा स्कोरर विशाल चौधरी रहें. मैच मे क्लब अध्यक्ष कन्हैया लाल महतो उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल सचिव संजय सिन्हा संयोजक अमित सिन्हा अरविन्द झा अनिल साह अमरजीत चौधरी प्रेम चौधरी बिट्टू साह कुश साह दुर्गा साह सूरज चौधरी गोविन्द यादव विकाश दे बिक्की कामती मो वसी इंद्रजीत चौधरी मौजूद रहें।

## यूजीसी द्वारा पीएचडी धारकों को वेतनवृद्धि देने से इंकार गलत : दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक शोधार्थी समन्वय समिति

नई सोच एक्सप्रेस

» यूजीसी द्वारा जारी सर्कुलर वापिस लेने की मांग

**दिल्ली।** दिल्ली विश्विद्यालय शिक्षक शोधार्थी समन्वय समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी ) द्वारा जारी उस सर्कुलर की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें उन्होंने स्थायी नियुक्ति के स्तर पर एम.फिल. और पीएचडी धारकों के लिए अग्रिम वेतन वृद्धि देने से इनकार किया है । यूजीसी का यह निर्णय शिक्षण समुदाय के लिए काफी निराशाजनक है इसको लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है जो कभी भी एक व्यापक आंदोलन का रूप ले सकता है । इस सर्कुलर से डीयू के हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे । दिल्ली विश्विद्यालय शिक्षक शोधार्थी समन्वय समिति के समन्वयक अनिरुद्ध सुधांशु ने यूजीसी चेयरमैन से शिक्षक विरोधी सर्कुलर को वापिस लेने की मांग की है और कहा है कि यूजीसी के इस रवैये से उच्च शिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक गुणवत्ता पर काफी बुरा असर पड़ेगा तथा भविष्य में कोई भी शोधार्थी इस व्यवसाय में आने के लिए पीएचडी नहीं करेगा । उनका कहना है कि एक तरफ सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षण संस्थान खोल रही हैं वहीं दूसरी तरफ पीएचडी धारकों की अग्रिम वेतन वृद्धि देने से मना कर रही है । डॉ. अनिरूद्ध सुधांशु का यह भी कहना है कि यूजीसी के इस तरह के निर्णयों से शिक्षकों के वर्षों के कठोर शैक्षणिक प्रयास और अभूतपूर्व शोध को पूरी तरह से नजरअंदाज करना है। उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने और जांच की भावना को बढ़ावा देने के बजाय, यह गुणवत्तापूर्ण शोध और शिक्षा के लिए समर्पित लोगों को हतोत्साहित करने वाला सर्कुलर जारी किया गया है । साथ ही यूजीसी का इस तरह के दृष्टिकोण से भविष्य में आने वाले शोधार्थियों के मनोबल को कम करता है और भारत के शैक्षणिक और अनुसंधान परिदृश्य को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता की चिंताजनक कमी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना है कि उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के बजाय, यह प्रतिगामी कदम शिक्षकों के पेशेवर और वित्तीय विकास को रोकता है जिससे शिक्षा जगत में करियर कम आकर्षक होता जाएगा । उन्होंने कहा है कि हम इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं और यूजीसी चेयरमैन से आग्रह करते हैं कि वे इस सर्कुलर को तुरंत वापिस ले । उनका कहना है कि इस निर्णय का पुनर्मूल्यांकन हो और उन लोगों के लिए सार्थक प्रोत्साहन बहाल करें जिन्होंने ज्ञान और छात्रवृत्ति को आगे बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है ।

# काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है? कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाड़ियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है? कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ो का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते। नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की। 'सब चलता है और 'ऐसे ही चलेगा कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि 'देश सुधरेगा क्यों नहीं? 'हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर- कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता। आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा।

# आखिर दिल्ली में क्यों ढ़हा 'आप' का किला?



आरती कुमारी

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 मेंमात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। 27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। इन घटनाओं ने पार्टी की स्वच्छ राजनीति के दावे पर सवाल खड़े किए और जनता के विश्वास को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे। भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढ़ांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इसके अलावा, इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढ़ेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिरकर महज 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और प्रधानमंत्री के 'आपदा' वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को इस मुद्दे पर घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा। बहरहाल, केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो 'शीशमहल' बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। दिल्ली की खस्ताहाल सड़कों और बारिश के मौसम में जलभराव के मुद्दे ने भी दिल्ली में केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ाई। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

## सूडोकु नवताल- 7339

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7338 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय कामगारों की स्थिति पर चिंता

कुमार समीर

भारतीय कामगारों का वर्किंग कल्चर, स्टाइल, काम करने के घंटे हमेशा से बहस का मुद्दा रहे हैं। इस कड़ी में स्किल्ड, अन-स्किल्ड को केंद्र में रखकर विभेद की भी बात सामने आती रहती हैं। हाल में जारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। काम के घंटे को लेकर कुछ दिनों पहले काफी विवाद देखा गया। इससे इतर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हाल में जारी कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय जैसे कामगारों (गिग वर्कर्स) की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में साफ साफ शब्दों में माना गया है कि गिग वर्कर्स यानी ऐप आधारित कैब चालक, डिलीवरी ब्वाय या इसी तरह का अन्य काम करने वाले 83 फीसद कामगार रोजाना चुनौतियों का सामना करते हुए औसतन दस घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं। नतीजतन इन कामगारों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में टारगेट डिलीवरी को खतरनाक माना गया है और कहा गया है कि गिग वर्कर्स को एक निश्चित समयावधि में समान की डिलीवरी करनी होती है। समय पर टारगेट पूरा नहीं होने से शारीरिक, मानसिक रूप से तनाव बढ़ता है। रिपोर्ट में गिग वर्कर्स के लिए मौजूदा रेटिंग प्रणाली पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है और इसे मनमानी करार देते हुए इसकी समीक्षा पर बल दिया गया है। कई बार बेहतर काम करने के बावजूद इन गिग वर्कर्स को खराब रेटिंग मिलती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन गिग वर्कर्स की चुनौतियों को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियामक ढांचा तैयार करने और इसके जरिए लक्षित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इनकी चुनौतियों में लंबे समय तक काम करना, वित्तीय तनाव और शारीरिक थकावट शामिल है। इनके लिए थोड़ी राहत वाली बात यह है कि झारखंड, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कुछ राज्य इन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम मजदूरी, तनाव मुक्त कार्य स्थितियों से संबंधित उनकी अन्य चिंताओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। हालांकि केंद्र सरकार ने इस आगामी 2025-26 वित्तीय वर्ष के बजट में देश के गिग वर्कर्स जिनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है, उन सभी कामगारों को पहचान देने के लिए पंजीकरण करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

# चल पड़ा है भाजपा का अश्वमेध बिहार की ओर

अशोक भाटिया, मुंबई

12 फरवरी को माघ पूर्णिमा है। इस दिन महाकुंभ में अमृत स्नान किया जाएगा। ये माघ महीने का आखिरी दिन है। इस दिन तीर्थ और नदी में नहाने से पूरे महीने तीर्थ स्नान करने का फल मिल जाता है। ये महापुण्य देने वाला दिन माना जाता है। ग्रंथों के मुताबिक इस दिन पानी में भगवान विष्णु का निवास होता है, इसलिए इसे नारायण से जुड़ने का पर्व भी माना जाता है। इसी दिन भाजपा अपनी जीत का अश्वमेध रथ को बिहार में दौडाने की तैयारी शुरू कर रही है। सबसे पहले भाजपा 12 फरवरी को संत रविदास जयंती पर पटना में बड़ा आयोजन करने जा रही है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि वृहद स्तर मनाने की तैयारी है। लक्ष्य जाति आधार गणना के आंकड़ों को आधार बनाकर अति-पिछड़ा वर्ग के 36 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति के लगभग 20 प्रतिशत एक मुश्त मतदाताओं को साधने की है। अब चूँकि भाजपा के लिए अरसे बाद अनुकूल स्थिति बनती दिख रही है। दिल्ली की जीत में बिहार के मतदाताओं की भूमिका अहम मानी जा रही है। इससे बिहार भाजपा के पक्ष में माहौल बनने की संभवना भी प्रबल हो गई है। इससे पहले केंद्रीय बजट में भी मोदी सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता में बिहार को रखा है। अब 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के सर्वाधिक संख्या वाले मतदाता वर्ग को किसानों को उपहार देने स्वयं आ रहे हैं। देखा जाय तो मोदी-शाह युग स्वर्णिम वहां पहले से ही चल रहा है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पिछले एक दशक की बात करें तो बिहार के सत्ता में हनक और हस्सेदारी जरूरी बढ़ी है। विधानसभा अध्यक्ष एवं विधान परिषद सभापति की कुर्सी के साथ दो दो उपमुख्यमंत्री बनाने में भाजपा सफल रही। हालांकि इस दौरान कई प्रयोग एवं उतार चढ़ाव से भाजपा नेतृत्व जूझना पड़ा। दरअसल, पार्टी स्थापना के 45 वर्ष में भाजपा हिंदी पट्टी की सभी राज्यों में अपने दमपर सत्ता प्राप्त कर चुकी, लेकिन एक मात्र बिहार ही ऐसा राज्य हैं जहां अभी तक कांग्रेस छोड दूसरे कई दलों को कंधे पर बैठाकर मुख्यमंत्री बनाती रही। इस लंबे कालखंड में भाजपा ने लालू यादव एवं नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दिया। अगर 1980 से पहले के दशक की बात करें तो जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) काल में लोकनायक कर्पूरी ठाकुर एवं राम सुंदर दास को समर्थन देकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया। अब पार्टी की आगे की रणनीति भी पिछड़ी जातियों की सोशल इंजीनियरिंग को आगे करके 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर विजय का मार्ग प्रशस्त करने की है। इसी तरह का समीकण पार्टी ने बूथ से लेकर मंडल एवं जिला संगठन के अन्य पदों पर वंचित समाज के कार्यकर्ताओं को आगे करने की तैयार की है।वहीं, संभव है कि अब गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ भी भाजपा नेतृत्व बढ़े हुए मनोबल के साथ सीटों के बंटवारे पर मोलभाव भी करेगी। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद भाजपा बिहार चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है जहां अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 225 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। लेकिन बिहार की चुनावी लड़ाई किसी अन्य राज्य की तुलना में बिल्कुल जुदा है। वहां गठबंधन भी नए तरह का है और प्रमुख चेहरे केंद्र की राजनीति से अलग हैं। एनडीए जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी, वहीं महागठबंधन का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। बिहार की राजनीति पर पिछले तीन दशक से दो नेताओं का प्रभाव रहा है। ये नेता हैं नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव। भले ही लालू यादव अब राजनीतिक रूप से उतने सक्रिय न हों, लेकिन बिहार में उनका प्रभाव कम नहीं हुआ है। लालू की राजनीतिक विरासत को अब उनके बेटे तेजस्वी यादव बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। बात नीतीश कुमार की करें, तो वह दो दशक से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने 2015 में कुछ महीनों के लिए पद छोड़ा था और जीतन राम मांझी को सीएम बनाया था। नीतीश ने इस दौरान गठबंधन साथी जरूर बदले हैं, लेकिन सीएम की कुर्सी उनके पास ही रही है। बिहार में किंग भी हैं, किंगमेकर भी और गठबंधनों का जादू भी। अगर कहें कि भारत के अन्य सभी राज्यों की तुलना में बिहार की राजनीति बहुत ज्यादा टेढ़ी है, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में एक तरफ भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन होगा, तो दूसरी ओर राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन एनडीए में भाजपा के साथ जेडीयू , लोजपा (राम विलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर (HAM) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं। वहीं महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी शामिल है। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के बाद भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का लक्ष्य आगामी बिहार चुनाव में भी जीत के मोमेंटम को बनाए रखना है। दिल्ली की जीत ने एनडीए का आत्मविश्वास और बढ़ा दिया है। वहीं बिहार में हाल में हुए उपचुनावों में भी एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया है। एनडीए ने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में 225 सीटें जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में, एनडीए चुनाव से पहले एकता और ताकत दिखाने के लिए रैलियां करना शुरू कर दी हैं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने जोर देकर कहा कि दिल्ली में जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की मजबूत एकता का संदेश देती है। उन्होंने कहा, 'एनडीए 225 सीटें जीतने की राह पर है।' बिहार में चुनाव से पहले एनडीए में शामिल दलों के नेता गठबंधन के सदस्यों के बीच एकजुटता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रत्येक जिले में संयुक्त बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां एनडीए के प्रदेश अध्यक्ष एकता और दृढ़ संकल्प का संदेश देने के लिए एक साथ जाते हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विपक्ष की परिवारवादी राजनीतिक ताकतों का मुकाबला करने के लिए एकजुट मोर्चा पेश करने का आग्रह किया। आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव भी मुकाबले के लिए तैयार है ।उसने चुनाव से पहले ही जनता से कई वादे किए हैं, जिनमें 'माई बहिन मान योजना' के तहत परिवार की महिला मुखिया को 2,500 रुपये प्रति माह और 200 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा भी शामिल है। उनके अन्य प्रमुख वादों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मासिक पेंशन और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के साथ-साथ पलायन पर अंकुश लगाने के उपाय शामिल हैं। राजद के आक्रामक प्रचार के बावजूद एनडीए बिहार में अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। भाजपा के वरिष्ठ नेता तारकिशोर प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए के करीब दो दशक के प्रभावी शासन का हवाला देते हुए आशा व्यक्त की कि बिहार में बीजेपी-जेडीयू गठबंधन की सत्ता बरकरार रहेगी। केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता जीतन राम मांझी ने भी दिल्ली के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए X पर एक पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है।।। जय एनडीए।' जैसे-जैसे बिहार चुनाव के लिए प्रचार तेज हो रहा है, राज्य का विकास एजेंडा भी केंद्र में आ रहा है। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बजट घोषणा में बिहार के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई घोषणाएं शामिल थीं। इनमें मखाना बोर्ड की स्थापना, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण और वेस्टर्न कोशी कनालजैसी प्रमुख परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त, सीतारमण ने आईआईटी पटना के विस्तार और बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की योजना का भी ऐलान किया। ये ऐसे कदम जो मतदाताओं को पसंद आने की उम्मीद है। एनडीए के समर्थकों को उम्मीद है कि दिल्ली की जीत के साथ-साथ केंद्रीय बजट में की गई घोषणाएं राज्य में गठबंधन की स्थिति को और मजबूत करेंगे। बिहार चुनाव के लिए जैसे-जैसे अभियान तेज हो रहा है, एनडीए का लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार को केंद्र से मिल रही मदद को भुनाना है। चुनाव नजदीक आने के साथ भाजपा और एनडीए में उसके सहयोगी अपनी हालिया सफलताओं को यहां भी आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। भाजपा बिहार में एक और जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी दिल्ली जीत और पिछली जीत से बने मोमेंटम को भुनाना चाहती है। 2025 के चुनाव नतीजे बिहार में और राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए की स्थिति और केंद्र की राजनीति दोनों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। यह समय बताएगा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार में शानदार जीत दर्ज कर पाने में सफल होता है या नहीं। लेकिन दांव पर बहुत कुछ लगा है, क्योंकि भाजपा देश के राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में से एक में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखना चाहती है। भाजपा ने बिहार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। पहली बार 50% से अधिक संगठनात्मक जिलों में पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज के कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष बनाया है। भाजपा का लक्ष्य 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीटें जीतना है। पार्टी जाति आधार गणना के आंकड़ों के आधार पर अति-पिछड़ा वर्ग के 36% और अनुसूचित जाति के लगभग 20% मतदाताओं को साधने की रणनीति बना रही है।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनत्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। नौकरी करने वाले लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा।

**वृष राशि**: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनों भरा हो सकता है।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं। आप अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन सामान्य रहेगा, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल न करें।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों की बात करें, तो छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करन पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नजदीकियां बढ़ाएगा।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज किसी को दिए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिंत हो जाए ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा।

**धनु राशि**: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहन होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान न दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यो के लिस्ट बनएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्न होगा, जिससे उनको शांति भी मिलेगी। आपके परिवार में आपके कामों को देखते हुए आपकी प्रसिद्धि बहुत अधिक बढ़ सकती हैं। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा सा सावधानी से रहने वाला रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही न बरते अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। थोड़ी सी भी परेशानी होने पर अपनी संतान को चिकित्सक के पास अवश्य लेकर जाएं। यदि आप किसी प्रकार का कोई मकान, दुकान इत्यादि खरीदना चाहते हैं, तो आज के लिए दिन शुभ रहेगा।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका कोई धन संबंधित मामला आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। आप अपनी माताजी से आज अपने मन की किसी इच्छा को जाहिर कर सकते हैं, जिसे वह पूरी अवश्य करेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करन चाहते हैं, उन्हें आज किसी संस्था से जुड़कर विदेश जाने का मौका मिलेगा।

# तीसरे एकदिवसीय में राहुल को शायद ही जगह मिले



**मुम्बई**। भारती और इंग्लैंड के बीच बुधवार को होने वाले तीसरे एकदिवसीय मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को शामिल किये जाने की संभावनाएं बेहद कम हैं। राहुल अब तक हुए दोनो ही एकदिवसीय मैच में रन नहीं बना पाये हैं। भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में अब तीसरे मैच में बदलावों के साथ उतर सकती है। राहुल लंबे समय से अच्छी पारी खेल पाने में विफल रहे हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट प्रारुप में भी वह रन नहीं बना पाये थे। वहीं अब एकदिवसीय में भी उनका बल्ला खामोश है। सीरीज के दोनों ही मैचों में राहुल को नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा गया पर राहुल ने लगातार दोनों मैचों में निराश किया। राहुल के बल्लेबाजी क्रम को लगातार बदलने से भी उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में खेले गए पहले एकदिवसीय में राहुल 9 गेंद खेलकर सिर्फ 2 रन बना पाए थे। वहीं दूसरे एकदिवसीय में में भी राहुल 14 गेंद खेलकर केवल 10 रन ही बना पाये। ऐसे में अब तीसरे मैच में उनकी जगह को विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। ऋषभ एक मैच विनर बल्लेबाज हैं और इसके साथ उनके आने से टीम को दाएं-बांए संयोजन भी मिलता है। ऋषभ पिछले दो मैच से बाहर है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा : शास्त्री



**दुबई**। पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के कोच रहे रवि शास्त्री ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। इसलिए अन्य टीमों को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पाक टीम मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में उतरेगी। शास्त्री के अुनसार घरेलू हालातों में पाक टीम खतरनाक साबित हो सकती है। पाक1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करेगा। शास्त्री ने कहा, जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा ही दबाव होता है। फिर चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान क्योंकि सभी को अपनी टीमों से काफी उम्मीदें होती हैं पर मुझे लगता है कि पाक ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उसे लाभ मिल सकता है। शास्त्री ने कहा कि पाक टीम इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। साथ ही कहा कि एक बार नॉकआउट में पहुंचने के बाद वह खतरनाक साबित होगी। शास्त्री ने कहा, उन्हें शीर्ष पर युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी पर उसके बल्लेबाज क्रम में पर्याप्त गहरायी है। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे काफी अधिक खतरनाक होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की शास्त्री की बातों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में बदलाव ला सकती है। साबित हो सकती है। पोंटिंग ने कहा कि पाकिस्तान की बल्लेबाज़ी को मजबूत करने में बाबर आजम और रिजवान की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा, बाबर हाल के वर्षों में बेहतर नहीं खे पाये हैं पर अगर वह और रिजवान अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं, तो पाकिस्तान अविश्वसनीय रूप से खतरनाक बन जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह भी स्वीकार किया कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलने से उसके अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, घर पर खेलने का दबाव दोनों तरफ से काम कर सकता है। यह एक वास्तविक प्रेरक हो सकता है, खास तौर पर जब आपके पीछे घरेलू दर्शक हों। वह समर्थन कभी-कभी आपको बड़े मौकों पर जीत दिलाने में मदद कर सकता है।

# इंग्लैंड दौरे में फिर मिल सकता है सरफराज को अवसर



**नई दिल्ली**। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला पर वह चोटिल हो गए हैं। ऐसे में अब वह रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में भी नहीं खेल पायेंगे हालांकि उनके नॉकआउट मैचों के लिए फिट होने की संभावना है। उन्हें पसलियों में हल्का फ्रेक्चर है। यह चोट उन्हें ऑस्ट्रेलिया में फील्डिंग करते समय लगी। भारत लौटने पर उनका स्कैन कराया गया जिसमें पसली में हल्का फ्रेक्चर है। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है। इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं।

# डब्यूपीएल में यूपी वॉरियर्स की कप्तानी करेंगी दीप्ति



**मुम्बई**। 14 फरवरी से शुरु होने वाली महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा (डब्यूपीएल) में दीप्ती शर्मा यूपी वॉरियर्स की कप्तानी करती दिखेंगी। इसका कारण है कि एलिसा हीली फिट नहीं होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं। दीप्ति ने पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है। 14 फरवरी से महिला प्रीमियर लीग शुरु होगी। महिला प्रीमियर लीग के पहले दो सत्र में खास प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली यूपी वॉरियर्स का लक्ष्य इस बार बेहतर प्रदर्शन करना है। इसी कारण उसने दीप्ति को कप्तानी सौंपी है। दीप्ति महिला प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उनका पिछले दो सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वह टीम की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है।दीप्ति की इस टीम में ताहलिया मैक्ग्रा, चमारी अट्टापट्टू, ग्रैस हैरिस जैसी कुछ शानदार खिलाड़ी है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाये रखने टीम में बदलाव न करें : बांगर



**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसर एकदिवसीय मैच के लिए भारतीय टीम में बदलाव नहीं किया जाना चाहिये। भारतीय टीम को तीन मैचों की इस सीरीज में पहले ही 2-0 से अजेय बढ़ती मिली हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस मैच में भारतीय टीम में बदलाव किया जा सकता है पर बांगर का मानना है कि निरंतरता और स्थिरता बनाये रखने के लिए टीम में बदलाव सही नहीं रहेगा। सीरीज के अंतिम मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका दिए जाने की संभावना है। वहीं बांगर का मानना है कि आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखने के लिए टीम को अपनी अंतिम ग्यारह को बदलना नहीं चाहिये। बांगर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यशस्वी जायसवाल को खेलने की जरूरत है। अगर योग्यता है, तो आप अर्शदीप सिंह या ऋषभ पंत को खेला सकते हैं, लेकिन केवल एक मैच बचा है, इसलिए मौजूदा एकादश के साथ जारी रखना ही अच्छा रहेगा। पहले दो मैच में असफल रहे केएल राहुल को लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं और उनकी विकेटकीपिंग ठीक रही है। उन पर भरोसा करना होगा। बांगर ने कहा कि दूसरे एकदिवसीय में रोहित और शुभमन गिल की साझेदारी से ही मैच भारतीय टीम के पक्ष में आया। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना भी बांगर के विचारों से सहमत नजर आये। साथ ही कहा कि अगर टीम मोहम्मद शमी को आराम देना चाहती है, तो अर्शदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है।

## व्यापार

# शेयर बाजार की हल्की बढ़त के साथ शुरुआत

## सेंसेक्स 300 अंक टूटा; निफ्टी 23,300 के नीचे फिसला




**नई दिल्ली**। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार गिरावट के साथ खुले। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर घोषणाओं के कारण बाजार में बेचैनी देखने को मिल रही है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 77,384 पर खुला। हालांकि, कमजोर सेंटीमेंट्स की वजह से कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसल गया। शुरुआत में सेंसेक्स 195 अंक गिरकर 77,115 पर कारोबार कर रहा था। इस तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मामूली बढ़त के साथ 23,383 पर खुला लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में फिसल गया। यह 67.65 की गिरावट लेकर 23,313 पर चल रहा था। इससे पहले सोमवार को बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 548.39 अंक की गिरावट लेकर 77,311 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 178.35 अंक गिरकर 23,381 पर बंद हुआ। ट्रम्प ने सोमवार को अमेरिका में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के आदेश पर साइन कर दिए। साथ ही और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी के साथ दुनिया भर के बाजारों में घबराहट पैदा कर दी। वोडाफोन आइडिया, ल्यूपिन, एस्ट्राजेनेका फार्मा, बिड़लासॉफ्ट और बर्जर पेंट्स समेत कई अन्य कंपनियां आज अपने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। निवेशक आयशर मोटर्स, नाइका और ग्रासिम इंडस्ट्रीज समेत अन्य कंपनियों की कमाई पर भी प्रतिक्रिया देंगे। वहीं वॉल स्ट्रीट की बढ़त के बाद एशियाई बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ खुले, क्योंकि निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ अभियान को नजरअंदाज करते दिखे। सोमवार को ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम के अमेरिकी आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका का डाउ जोंस सोमवार को 0.38 फीसदी चढ़ गया। एसएंडपी 500 में 0.67 फीसदी और नैस्डैक में 0.98 फीसदी की तेजी आई।

# देश में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 10 साल में 10 लाख होने की उम्मीद: गोयल




**नई दिल्ली**। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि देश में उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से अगले 10 साल में पंजीकृत सरकारी स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 10 लाख होने की उम्मीद है। फिलहाल 2016 में 450 की तुलना में 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं। केंद्रीय मंत्री ने यहां आयोजित भारत-इजराइल बिजनेस फोरम मीट को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा कि हम अब दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम हैं, जो 450 पंजीकृत स्टार्टअप से बढ़कर आज नौ साल में 1.57 लाख हो गए हैं। अगले 10 सालों में हम इसे दस लाख तक ले जाने की उम्मीद करते हैं। यहां कंपनियों के लिए बड़े कारोबारी अवसर मौजूद हैं। गोयल ने कहा कि इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के साथ 'भारत-इजराइल व्यापार मंच' को संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय विकास यात्रा और आर्थिक वृद्धि, भारत-इजराइल के बीच स्थायी रणनीतिक साझेदारी और दोनों देश कृषि-तकनीक, वित्त और उभरती हुई प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ कैसे उठा सकते हैं। उन्होंने 'भारत के अवसर' पर प्रकाश डाला, जिसमें सहयोग, नवाचार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं और दोनों देशों के व्यवसाय एक साथ कैसे बढ़ सकते हैं और आपसी प्रगति में योगदान दे सकते हैं। दरअसल देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की गई थी। अभी 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जबकि 2016 में इनकी संख्या 450 थी। इस पहल के तहत सरकार ने अपनी प्रमुख योजनाओं फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में पात्र मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की है। इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय इजरायली व्यापार प्रतिनिधिमंडल, भारत-इज़राइल व्यापार मंच और भारत-इजराइल सीईओ मंच की बैठकों के लिए यहां आया हुआ है। दोनों पक्ष दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। वे आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश के अवसरों के नए रास्ते तलाश रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में इजरायली उद्यम एवं प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, जल प्रबंधन, रसद और खुदरा जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और इजरायल के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 6.53 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 10.77 अरब अमेरिकी डॉलर था। भारत को अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान इजरायल से 32.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 ब्रीफ-पेरिस पहुंचे PM मोदी का गर्मजोशी भरा स्वागत,दावाःपंजाब AAP के 30 MLA कांग्रेस में जा सकते हैं; ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ा,सोना पहली बार 85 हजार पार
2 PM मोदी सातवीं बार फ्रांस पहुंचे,आज AI समिट में शामिल हुए,मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता किए;फिर ट्रम्प से मिलने अमेरिका जाएंगे
3 लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 15 जनवरी 2025 तक देश में 54.5 करोड़ जनधन खाते खोले गए,इसमें से 56 फीसदी खाते महिलाओं के हैं,सरकार ने 2014 में प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुआत की थी,इसके पीछे उद्देश्य बैंक से वंचित हर परिवार को बैंकिंग सुविधाएं देना था
4 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से मिले राहुल,समस्याओं के समाधान पर दिया जोर; कहाःनजरअंदाज न करे सरकार
5 राहुल जी जीरो चेक कर लीजिए,दिल्ली में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन को लेकर अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर तीखा तंज
6 पंजाब कांग्रेस का दावाः30 AAP विधायक हमारे संपर्क में,केजरीवाल ने सभी विधायक दिल्ली बुलाए,CM मान ने कैबिनेट मीटिंग टाली
7 पहलःदवा बिक्री में मनमानी के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त,सभी राज्यों में लागू होगा एक जैसा कानून
8 पिछले दिनों हरियाणा के मंत्री अनिल विज की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को दिए सार्वजनिक बयानों को भाजपा ने गंभीरता से लिया है,पार्टी अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है
9 क्या दिल्ली को मिलेगी महिला मुख्यमंत्री,BJP किसे देगी मौका? राजधानी की सियासत में हलचल तेज
10 गोपीनाथ के चाहने वाले साथ आ जाएं तो अलग पार्टी... फडणवीस की मंत्री पंकजा मुंडे के बगावती तेवर,नासिक में एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र राज्य की पर्यावरण मंत्री और गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे ने कहा,अगर उनके पिता गोपीनाथ मुंडे के समर्थक एकजुट हो जाएं,तो वे एक नई पार्टी बना सकते हैं,इस टिप्पणी से राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है
11 महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम से 7वी मौत,37 साल के युवक की जान गई;167 कंफर्म केस,इनमें 48 ICU और 21 वेंटिलेटर पर
12 सेहतनामाः सोशल मीडिया से घट रही बच्चों की याददाश्त,बढ़ रही बीमारियां, सिगरेट-शराब की तरह खतरे की चेतावनी,बता रहे हैं डॉक्टर
13 संगम के सफर में महाजाम... हाईवे पर वाहनों की कतारें,भारी भीड़ से कराह उठीं तीर्थनगरियां
14 बिजनेसमैन नाना को नाती ने 70 बार चाकू मारा,हैदराबाद में 500 करोड़ की प्रॉपर्टी के विवाद में हत्या, अमेरिका से पढ़कर लौटा था
15 राजस्थान में चढ़ने लगा पारा;धूप खिलने से बढ़ी गर्मी,अगले वीक से तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना
16 मणिपुर में 10 दिन के अदंर सरकार नहीं बनीं तो लगेगा राष्ट्रपति शासनःसूत्र
17 Breaking News:पंजाब में बड़ी गिनती में बम मिलने से मचा हड़कंप,पुलिस ने सील किया पूरा इलाका
18 J&K में दिखी आतंकियों की हलचल,Action Mode में सैनिक,इलाका किया Seal
19 फलस्तीनियों को अपनी जमीन पर लौटने का हक नहीं..गाजा प्लान पर डोनाल्ड ट्रम्प की दो टूक
20 ममता ने बंगाल विस चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना को खारिज किया
21 आप रोबोट नहीं हो,असफलताओं को अपना शिक्षक बनाइए...PM Modi ने छात्रों को दिया परीक्षा में सफल होने का अचूक मंत्र
22 प्रयागराज महाकुंभ में हर घंटे आ रही 8 हजार गाड़ियां,ट्रैफिक व्यवस्था हुई बेहाल
23 हमास ने बंधकों की रिहाई पर अचानक मारी पलटी,भड़के इजरायल ने सेना को दे दिए आदेश
24 ट्रंप के गाजा प्लान को लेकर पाक से सऊदी तक खलबली,आपात बैठक करेंगे मुस्लिम देश
25 जब सिंहासन डोलता है तो किसी को पता नहीं चलता.. बृजभूषण शरण सिंह का AAP पर बड़ा हमला
26 बीजापुर एनकाउंटर में मारे गए 31 नक्सलियों में 5 पर था 25 लाख रुपए का इनाम
27 दिल्लीःबस की सीट पर खाना गिरने पर ड्राइवर-कंडक्टर हुआ नाराज,पीट-पीटकर की यात्री की हत्या
28 केंद्र बोलाः भारतीय सेना की 10,249 एकड़ जमीन पर अतिक्रमणःरक्षा भूमि पर अतिक्रमण के मामले में यूपी सबसे आगे,MP का नंबर दूसरा
29 महबूबा की बेटी के 2 पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर सस्पेंड,नजरबंद होने के बावजूद कठुआ पहुंची थीं इल्तिजा;बोलींःये उमर सरकार का अन्याय
30 India Got Latent शो में अश्लीलता पर बवाल, असम में इलाहाबादिया समेत 5 पर FIR,सांसद भी गुस्से में
31 मैरी कॉम,साइना नेहवाल और लिएंडर पेस नई खेल विशेषज्ञ सलाहकार समिति में
32 रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की मुश्किलें बढ़ीं,इंडियाज गॉट लेटेंट के सेट पर पहुंची पुलिस
33 मणिपुर के गवर्नर हाउस में बीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे संबित पात्रा
34 जिन्होंने जीवन भर VVIP ट्रीटमेंट लिया,वो कुंभ को लेकर नकारात्मकता फैला रहेःCM योगी
35 प्रयागराजः महाकुंभ में अब तक 44 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु लगा चुके हैं आस्था की डुबकी
36 नोएडा पुलिस ने फिटजी संस्थापक के 12 बैंक खातों से 11 करोड़ रुपये फ्रीज किए
37 डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दी चेतावनी, कहाःशनिवार दोपहर तक हो सभी बंधकों की रिहाई
38 रक्षा मंत्री बेंगलुरु में आज कर्नाटक के ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का किए उद्घाटन
39 फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने एलिसी पैलेस में पीएम मोदी का किया जोरदार स्वागत
40 राजस्थानः किसान संगठन आज रतनगढ़ में आंदोलन के एक साल पूरे होने पर किए महापंचायत





# सनम तेरी कसम ने रचा इतिहास, 2 दिन में तोड़ डाला अपना 9 साल पुराना रिकॉर्ड

इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं, वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिन्हें दोबारा पर्दे पर लाया गया है। इन्हीं में से एक सनम तेरी कसम। खास बात यह है कि जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी, लेकिन अब जबकि यह दोबार पर्दे पर आई है तो इसने 2 दिन में ही अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ डाला है। फिल्म शानदार कमाई कर रही है। सनम तेरी कसम 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी। फिल्म ने दो दिन के अंदर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जहां 5.14 करोड़ रुपये से खाता खोला था, वहीं अब दूसरे दिन भी इसने ताबड़तोड़ कमाई की है। सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे दिन यानी शनिवार को इस फिल्म ने 6.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी 2 दिन की कमाई 11.36 करोड़ रुपये हो गई है। सनम तेरी कसम ने री-रिलीज के मात्र 2 दिन के अंदर अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। 9 साल पहले इस फिल्म ने लाइफटाइम कलेक्शन 9 करोड़ रुपये किया था और री-रिलीज में इसने 2 दिन में ही 11 करोड़ कमा लिए हैं। बात सिर्फ अपना रिकॉर्ड तोड़ने की नही हैं। सनम तेरी कसम ने बीते शुक्रवार रिलीज हुईं खुशी कपूर की लवयापा और हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। साल 2016 में जब सनम तेरी कसम फिल्म रिलीज हुई थी तो इसे दर्शकों ने ज्यादा भाव नहीं दिए थे। 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई फिल्म को करीब 18 करोड़ रुपये बजट में बनाया गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। मूल रिलीज के वक्त इस फिल्म को दर्शकों ने बिल्कुल पसंद नहीं किया था। हालांकि, ओटीटी पर इसे काफी प्यार मिला। फिल्म में सरू और इंदर की लव स्टोरी ने लोगों का दिल छू लिया। सनम तेरी कसम की कहानी सरु (सरस्वती) की है, जहां उसके पिता उसे घर से बाहर निकल देते है, फिर सरु का दोस्त इन्दर हर मुश्किल में उसके साथ खड़ा रहता है और दोनों धीरे-धीरे एक-दूसरे से प्यार करने लग जाते है, लेकिन किस्मत उनका साथ नहीं देती और दोनों अलग हो जाते हैं। राधिका राव, और विनय सपरु इस फिल्म के निर्देशक हैं। इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन मुख्य भूमिका में हैं।

# शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुईं तैयार






हिमेश रेशमिया स्टारर हालिया रिलीज फिल्म बैडएस रवि कुमार में अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने कैमियो भूमिका निभाई है। फिल्म में वर्मा, प्रभु देवा की प्रेमिका की भूमिका में नजर आई हैं। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने हामी क्यों भरी। अभिनेत्री ने उन कारणों का खुलासा किया, जिनकी वजह से उन्हें यह भूमिका निभाने का मौका मिला। फिल्म में प्रभु देवा के साथ कैमियो रोल में नजर आईं शिवांगी ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। हालांकि, उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन वह प्रभु के साथ काम करने के अवसर और अनुभव को महत्वपूर्ण मानती हैं। वर्मा ने बताया, मैंने फिल्म में प्रभु देवा के साथ उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई है। यह एक छोटी सी भूमिका है, लेकिन मैंने इसके लिए हां कहा, क्योंकि यह हिमेश रेशमिया का प्रोजेक्ट था। मैं उनके साथ दूसरी बार काम कर रही हूं। फिल्म रिलीज हो चुकी है और दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया सामने आई। मैं हिमेश रेशमिया की हमेशा से फैन रही हूं और उनके साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है, जो इसे और भी खास बनाता है। हर प्रोजेक्ट में वह जिस एनर्जी, विजन और जुनून के साथ काम करते हैं, वह बेमिसाल है। अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि मैंने हिमेश के साथ साल 2007 में आई फिल्म आपका सुरूर में 'तेरे प्यार मेंगाना गाया था। यह गाना बैडएस रवि कुमार में भी है! बस अंतर इतना है कि इस बार वह इसमें किसी दूसरी हीरोइन के साथ हैं लेकिन गाने का जादू वही है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि बैडएस रवि कुमार फिल्म में वह सब कुछ है, जो आप हिमेश रेशमिया की फिल्म से उम्मीद करते हैं। फिल्म में हाई-एनर्जी, सुपर एंटरटेनिंग, ज्ञान से भरपूर उनका विजन है। फिल्म के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को एक ऐसी कहानी दी है, जिसे दर्शक कभी नहीं भूल सकते। शिवांगी ने आगे बताया, शूट के लिए मुंबई से मस्कट तक का मेरा सफर बेहद सहज और आसान रहा। पहले दिन से ही सब कुछ जाना-पहचाना और सहज लगा। मेरा पहला दिन कॉस्ट्यूम ट्रायल था। टीम में पुराने लोगों को देखकर मुझे खुशी हुई। टीम के सदस्य हिमेश रेशमिया मेरे पहले एल्बम में भी थे। जाने-पहचाने चेहरों को देखकर मुझे घर जैसा महसूस हुआ और मैं उसी समय समझ गई थी कि इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे खास अनुभव होने वाला है। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में वर्मा ने बताया, मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मेरे साथ फिल्म में अभिनेता गोविंद नामदेव सर हैं और मैं अपना तीसरा शेड्यूल पूरा करने वाली हूं।

# दिव्या खोसला ने ग्लैमरस अवतार में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

अपनी खूबसूरती से हमेशा फैंस का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर दिव्या खोसला ने अपने ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में दिव्या ने अपनी नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिसमें वह सिल्वर कलर की बॉडी-हगिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में दिव्या का ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को दीवाना बना रहा है. एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा, शिम्मर एंड शाइन फॉर आयकॉनिक गोल्ड अवाड्र्स. बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स अवार्ड के लिए धन्यवाद. दिव्या ने अपनी ड्रेस को काइकोडएचसी से स्टाइल किया है और उनके लुक को सुकृतिग्रोवर ने तैयार किया है. उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी पूरी तरह से उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहा है. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दिव्या खोसला कुमार खूबसूरती और बोल्डनेस का कॉकटेल हैं। बता दें कि फिल्मों की तरह असल जिंदगी में दिव्या खोसला कुमार काफी खूबसूरत दिखती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट



करती हैं। फैंस ने कमेंट सेक्शन में जमकर तारीफ की है. कोई उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है तो कोई उन्हें 'स्टनिंगकह रहा है. दिव्या की यह पोस्ट कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स बटोर चुकी है.



# छावा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने नए पोस्टर के साथ साझा किया अपडेट

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल छावा को बड़े परदे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। फिल्म अपनी रिलीज से चंद कदम दूर है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। फिल्म छावा 14 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में




रिलीज होगी। यह मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। मेकर्स ने आज फिल्म के पोस्टर साझा किए हैं। इसके साथ लिखा है, छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान की कहानी अब बड़े परदे पर बस पांच दिनों में। एडवांस बुकिंग वर्ल्डवाइड शुरू हो चुकी है। इसके अलावा मैडॉक के इंस्टाग्राम अकाउंट से रश्मिका मंदाना के भी फिल्म से नए पोस्टर रिलीज हुए हैं। रश्मिका इस फिल्म में येसुबाई के रोल में नजर आएंगी। उनके पोस्टर के साथ लिखा है, एक रानी, एक मां, एक शक्ति जो स्वराज्य के लिए हर अग्नि परीक्षा से गुजरी! इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी अहम रोल में हैं। फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स द्वारा किया गया है, जबकि यश राज फिल्म्स इसके अंतर्राष्ट्रीय वितरण का काम संभालेगी। फिल्म का साउंडट्रैक एल्बम एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि गाने इरशाद कामिल द्वारा लिखे गए हैं। विक्की ने फिल्म में मराठा राजा संभाजी का किरदार निभाया है। यह शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास छावा का रूपांतरण है। लक्ष्मण उटेकर ने फिल्म का निर्देशन किया है। मेकर्स द्वारा साझा किए पोस्ट पर यूजर्स की जबर्दस्त प्रतिक्रिया आ रही है। उनका क्रेज देखते बन रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।